हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )

पेज : 08
रश्मिका मंदाना की द गर्लफ्रेंड के टीजर में रुमर्ड बॉयफ्रेंड विजय देवरकोंडा ने दी अवाज



www.naisochlive.com | पटना, गुरुवार, 12 दिसंबर 2024, वर्ष- 07, अंक- 288, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

## महाकुम्भ से जुड़ी 167 परियोजनाओं का 13 दिसम्बर को प्रधानमंत्री मोदी करेंगे लोकार्पण



एजेंसी, प्रयागराज

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संगम की रेती पर 13 दिसम्बर को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारी तेजी से हो रही है। महाकुम्भ से जुड़ी 167 परियोजनाओं का प्रधानमंत्री जनसभा स्थल से लोकार्पण करेंगे। जिन योजनाओं का लोकार्पण होना है उनकी लगभग 5 हजार 3 सौ 97 करोड़ की लागत है। यह जानकारी बुधवार को अपर मेलाधिकारी महाकुम्भ विवेक चतुर्वेदी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज जनपद में महाकुम्भ से जुड़ी स्थाई परियोजनाओं लोकार्पण करने से पूर्व प्रधानमंत्री संगम नोट पर तैयार हो रही जेटी पर संतो के संग मां गंगा की पूजा अर्चना करके महाकुम्भ को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मां गंगा का आशिर्वाद लेंगे। इसके बाद सभी अखाड़ों के संतों से मुलाकात करके वार्ता करेंगे। उसके बाद प्रधानमंत्री संगम नोज बने पंडाल पहुंचेगे जहां जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि जिन स्थाई परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे, उनमें प्रमुख बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर, अक्षयवट कॉरिडोर, सरस्वती कूप कॉरिडोर, नागवासुकी कॉरिडोर, नया यमुना रेलवे पुल, जीटी जवाहर ओवर ब्रिज समेत अन्य लगभग 5397 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

## खास होगा विजय दिवस कार्यक्रम : 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध जिससे हुआ बांग्लादेश का उदय



**एजेंसी, कोलकाता** । कोलकाता के फोर्ट विलियम स्थित सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय में 16 दिसंबर को विजय दिवस कार्यक्रम की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। बांग्लादेश में इस बार हालात तनावपूर्ण होने की वजह से मुक्ति वाहिनी योद्धाओं या किसी भी सरकारी प्रतिनिधि की उपस्थिति को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। विजय दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की गाथा समेटे हुए हैं जिसमें भारतीय सैनिकों की बहादुरी बेमिसाल रही है।

## अविश्वास प्रस्ताव केवल कांग्रेस की अगुवाई वाला इंडिया ब्लॉक का नया शिगूफा :अनुप्रिया

एजेंसी, लखनऊ



अपना दल की अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव चुनाव दर चुनाव हार रहे कांग्रेस की अगुवाई वाला इंडिया ब्लॉक का नया शिगूफा है। सारा सियासी नाटक मुद्दाविहीन इंडिया ब्लॉक का मीडिया का ध्यान आकर्षित करने और अहम विधेयकों की लटकाने के लिए किया जा रहा है। अनुप्रिया पटेल ने कहा कि विपक्ष ने साबित कर दिया है, लोगों का ध्यान भटकाने के लिए वे संसदीय परम्पराओं की बलि चढ़ा सकते हैं। अनैतिकता की सारी सीमा लाँघ सकते हैं। सरकार शुरू से ही हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। विपक्ष की सहमति से संविधान अंगीकार करने की 75वीं वर्षगांठ पर दोनों सदनों में विशेष चर्चा पर सहमति बनी। उन्होंने कहा कि सम्भल हिंसा समेत कई अन्य मुद्दे भी विपक्ष ने उठाए। बावजूद इसके हर दिन संसद की कार्यवाही ठप करना और अब सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना शर्मनाक है। सभी को स्वीकार करना होगा कि देश की सबसे बड़ी पंचायत हंगामा करने की नहीं चर्चा करने की जगह है।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम ने पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को याद किया



**एजेंसी, नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को उनकी जयंती पर याद किया और कहा कि वह एक उत्कृष्ट राजनेता, अद्भुत प्रशासक और ज्ञान का भंडार थे। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में लिखा, प्रणब मुखर्जी को उनकी जयंती पर स्मरण करता हूं। प्रणब बाबू एक अद्वितीय सार्वजनिक व्यक्तित्व, एक उत्कृष्ट राजनेता, एक अद्भुत प्रशासक और ज्ञान के भंडार थे। भारत के विकास में उनका योगदान उल्लेखनीय है। उन्हें सभी क्षेत्रों में आम सहमति बनाने की एक अद्वितीय क्षमता का आशीर्वाद प्राप्त था।

### प्रधानमंत्री ने गीता जयंती की शुभकामनाएं दीं



**एजेंसी, नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को गीता जयंती के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता भारत का दुनिया को सबसे प्रेरक उपहार है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक संदेश में कहा, "समस्त देशवासियों को गीता जयंती की अनंत शुभकामनाएं। भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और परंपरा के मार्गदर्शक दिव्य ग्रंथ के उद्गम दिवस के रूप में मनाया जाने वाला यह पावन उत्सव हर किसी को कर्मयोग की राह दिखाए।

### हंगामे के बीच राज्यसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित



**एजेंसी, नई दिल्ली**। संसद सत्र के दौरान राज्यसभा के सदन की बैठक बुधवार को पक्ष-विपक्ष के सदस्यों के हंगामे की भेंट चढ़ गई। हंगामे के बीच उपसभापति ने सभा की बैठक पहले 12 बजे तक के लिए और बाद में गुरुवार तक के स्थगित कर दी। आज सुबह उच्च सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सत्ता पक्ष की ओर से जॉर्ज सोरोस और कांग्रेस नेता के संबंधों पर चर्चा कराने की मांग को लेकर नारेबाजी की जाने लगी। इस हंगामे के बीच उपसभापति ने पहले सभा की बैठक 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

# बोले मुख्यमंत्री योगी : राष्ट्र आत्मनिर्भर होगा तभी व्यक्ति का विकास संभव

एजेंसी, बस्ती



कर्मा देवी शैक्षणिक संस्थान के 15वें स्थापना दिवस समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा आज संयोग से किसानों की शहादत का दिन है। आज ही के दिन करीब दो दशक पूर्व समाजवादी पार्टी की सरकार में किसानों को गोलियों से भून दिया गया था। उसी सरकार ने शुगर मिलों को बंद कर दिया था। भाजपा सरकार आई तब शुगर मिलों को नये सिरे से चालू कराया गया। अब अधिकांश शुगर मिल चल रही है और अच्छा काम कर रही हैं। इससे पहले यहां मुख्यमंत्री का भाजपा नेताओं, छात्र-छात्राओं और विद्यालय के स्टाफ ने तालियों की गड़गडाहट से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने दीप जलाकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। छात्रों की ओर से सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर उनका स्वागत किया गया। सीएम ने कहा कि जननी और जन्मभूमि के प्रति हम सभी के दायित्व है। व्यक्ति कितना ही बड़ा क्यों न हो जाए, जब तक वह अपनी मां और मातृभूमि के प्रति दायित्वों का निर्वहन नहीं करता, वह असफल ही माना जाएगा। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि नर्सिंग ऐसा क्षेत्र है जहां अगर अच्छी शिक्षा हासिल कर ली जाए तो शत-प्रतिशत प्लेसमेंट की गारंटी होती है। चाहे सरकारी क्षेत्र हो या निजी क्षेत्र। उन्होंने कहा कि हम यूपी में सबसे बड़ा फार्मा पार्क बनाने जा रहे हैं। दो हजार एकड़ जमीन पर फार्मा और नर्सिंग के सभी क्षेत्रों के उद्योग शुरू होंगे। सीएम ने कहा कि बस्ती जिले का तेजी से विकास हो रहा है। कभी किसी ने सोचा भी नहीं था कि यहां पर कभी एक मेडिकल कॉलेज खुलेगा। लेकिन मेडिकल कॉलेज ही नहीं, यहां फार्मेसी कॉलेज भी बना। अब हम बस्ती में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने जा रहे हैं। जहां युवा प्रतिभाओं को निखरने का और मौका मिल सकेगा। सीएम ने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदूषण का खामियाजा आज पूरा नोएडा भुगत रहा है। लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हैं। एक्यूआई 450 के पार चला गया है। सीएम के आगमन पर कर्मा देवी शैक्षिक संस्थान के निदेशक पूर्व आईएएस ओम सिंह आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने पूर्वजों के पांच ऋण गिनाते हुये कहा संस्थानों को इस दिशा में काम करना चोहिये। उन्होंने करमा शैक्षणिक समूह के गतिविधियों की सराहना की। मुख्यमंत्री के आगमन पर स्थानीय प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े बन्दोबस्त किये गये थे। दो दिन पहले से ही अफसर कार्यक्रम स्थल पर अपनी नजर जमाये हुये थे। कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न होने और मुख्यमंत्री के जाने के बाद अफसरों ने राहत की सांस ली। इस अवसर पर समूह की छात्र छात्रायें और अध्यापक अध्यापिकाओं को प्रतीक चिन्ह देकर मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। शैक्षणिक समूह की छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं तो अनुपस्थित माने जायेंगे कर्मी: उपायुक्त



एजेंसी । रांची

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री लगातार प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में उपायुक्त ने बुधवार को नामकुम प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। डीसी ने बायोमेट्रिक से सभी पदाधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना सभी अनुपस्थित माने जायेंगे, ससमय कार्यालय आयें और अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें। अनाधिकृत रुप से अनुपस्थिति पर डीसी ने बीडीओ विजय कुमार और सीओ कमल किशोर सिंह को कार्रवाई करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्रखण्ड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सविता कुमारी वर्मा अनुपस्थित पायी गयीं, जिस पर डीसी ने उनकी अनुपस्थिति अधिकृत है या नहीं इसे सत्यापित करने का निर्देश दिया। डीसी ने प्रखण्ड और अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्य की जांच की। उन्होंने लॉग बुक, आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, जनशिकायत, पेंशन तथा अन्य की जांच करते हुए कहा कि सभी आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन करें, ताकि लोगों को अनावश्यक रुप से कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े। आमलोंगों की शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए उपायुक्त ने बीडीओ, सीओ एवं सभी कर्मचारियों को जिला प्रशासन के जरिये जारी किये गये व्हाट्सएप नंबर 9430328080 का प्रचार-प्रसार करने को कहा।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में मुठभेड़, एक नक्सली ढेर, डीआरजी के दो जवान घायल

एजेंसी, बीजापुर



छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुनगा के वन क्षेत्र में बुधवार सुबह हुई मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया। इस दौरान नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया, जिसमें डीआरजी के दो जवान घायल हो गए। दोनों को बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि घायल जवानों- मंगलू कुड़ियम और योगेश्वर सोरी का इलाज बीजापुर जिला अस्पताल में जारी है। दोनों जवानो की स्थिति सामान्य है। उन्होंने बताया कि मारे गये नक्सली के शव के साथ मौके से 9 एमएम. पिस्टल, जिन्दा आईईडी, 6 नग रिमोट स्विच एवं अन्य सामग्री बरामद की गयी है। क्षेत्र में सघन सर्चिंग जारी है। टीम के अभियान से वापसी बाद इस बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम मुनगा के जंगल में दिनेश मोड़ियाम, आकाश हेमला, कंपनी-2 कमांडर वेल्ला, मिलिशिया प्लाटून कमांडर कमलू समेत अन्य 30-40 नक्सली मौजूद हैं।

## इंडस्ट्री के मामले में दुनिया भारत की ओर देख रही है : नितिन गडकरी

एजेंसी, ग्रेटर नोएडा



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को इंडिया एक्सपो सेंटर में निर्माण प्रदर्शनी बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया 2024 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गडकरी ने कहा कि आज इंडस्ट्री के मामले में दुनिया भारत की ओर देख रही है। भारत में कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में जिन मशीनों का निर्माण किया जा रहा है उन्हें अमेरिका भी मंगवा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में 39 एक्सप्रेसवे के प्रोजेक्ट प्रोसेस में हैं। मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेस-वे का निर्माण पूरा होने वाला है। केंद्र सरकार कश्मीर टू कन्याकुमारी तक एक्सप्रेस-वे की योजना पर काम कर रही है। बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया-2024 का आयोजन 11-14 दिसंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में किया जा रहा है। चार दिवसीय प्रदर्शनी में करीब 100 देशों के एक हजार से अधिक ब्रांड हिस्सा ले रहे हैं। इसमें 75 हजार आगंतुकों के आने की संभावना है। प्रदर्शनी का विषय 'विकसित भारत' है। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा को इसका चेहरा बनाया गया है। प्रदर्शनी के आयोजक मेस्से मुएनचेन इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भूपिंदर सिंह ने कहा कि हमारा मकसद एक ऐसा मंच प्रदान करना है जो वैश्विक नवाचार को भारत की अद्वितीय क्षमताओं के साथ जोड़े तथा सहयोग एवं विकास को बढ़ावा दे।

## दिल्ली में कांग्रेस से गठबंधन नहीं करेगी आआपा: केजरीवाल

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी (आआपा) कोई गठबंधन नहीं करेगी। कांग्रेस के साथ गंठबंधन को लेकर लगाई जा रही अटकलों को खुद आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सिरे से नकार दिया है। बुधवार को उन्होंने एक बयान में कहा कि आआपा दिल्ली में जनता के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के साथ गठबंधन की किसी भी तरह की कोई संभावना नहीं है। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि खुद अरविंद केजरीवाल ने स्पष्ट कर दिया है कि दिल्ली के अंदर कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं हो रहा है। आआपा अकेले चुनाव लड़ेगी। पिछले तीन चुनाव में हमने लगातार भाजपा को बुरी तरीके से हराया है। दिल्ली में हमने उस वक्त 67 सीटें लीं, जब नरेन्द्र मोदी 2014 में हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र जीतकर आए थे। उसके तुरंत बाद 2015 में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में हमने दिल्ली में 67 सीटें लीं। फिर 2020 में हमने 62 सीट लीं। तो आआपा अकेले चुनाव लड़ेगी और भाजपा को बुरी तरीके से शिकस्त देगी। वरिष्ठ नेता एवं सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि आने वाला विधानसभा चुनाव आम आदमी पार्टी अपने संगठन की ताकत और राजनीतिक बलबूते पर लड़ेगी। किसी प्रकार के गठबंधन का सवाल ही पैदा नहीं होता। आआपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन के जो कयास मीडिया के एक सेक्शन में लगाए जा रहे हैं, उनका कोई आधार नहीं है। आआपा पिछले तीन चुनाव लगातार अपने बलबूते पर लड़ती आई है, जीतती आई है, सरकार बनाती आई है और सरकार चलाती आई है। चौथी बार भी 2025 में जब दिल्ली में विधानसभा चुनाव होंगे तो आआपा अपने काम की और अरविंद केजरीवाल के नाम की बदौलत चुनाव लड़ेगी और जीतेगी।



## भोपाल में बना गीता पाठ का वर्ल्ड रिकॉर्ड, पांच हजार से अधिक आचार्यों ने किया सामूहिक पाठ

एजेंसी, भोपाल



राजधानी भोपाल में बुधवार को गीता जयंती पर विश्व रिकॉर्ड बना। भोपाल के मोतीलाल स्टेडियम में 5 हजार आचार्यों और प्रतिभागियों द्वारा गीता का सामूहिक पाठ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव, राज्य के मंत्री, विधायक और अधिकारी भी मौजूद रहे। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में पहली बार 5 हजार से अधिक आचार्यों ने गीता के तीसरे अध्याय 'कर्म योग' का सस्वर पाठ किया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एजुकेटर विश्वनाथ ने विश्व रिकार्ड की घोषणा की, जिसके बाद मुख्यमंत्री यादव को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट सौंपा गया। पर्यटन केंद्रों पर श्रीमद्भगवद्गीता रखे जाने की भी घोषणा की गई। इस कार्यक्रम में ही मुख्यमंत्री ने जनकल्याण पर्व का भी शुभारंभ किया। वर्ल्ड रिकार्ड बनाने के लिए ग्राउंड पर पाठ करने आए हर आचार्य और प्रतिभागी को हाथ में एक बैंड पहनाया गया था। इस बैंड में एक क्यूआर कोड है उसी क्यूआर से पाठ करने वाले प्रतिभागियों की काउंटिंग हुई। इस गीता पाठ में बड़ी संख्या में बच्चे और मुस्लिम महिलाएं भी शामिल हुई हैं। कार्यक्रम में गुना के श्री परशुराम संस्कृत वेद विद्या गुरुकुल कुंभराज से 40 बटुक शामिल हुए। इन बटुकों को गीता के 18वें अध्याय के 70 श्लोक कंठस्थ हैं। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म से लेकर मृत्यु तक अपनी लीलाओं और आदर्शों के माध्यम से समूचे समाज को प्रेरणा दी है। उनके जीवन और पवित्र धर्मग्रंथ गीता की शिक्षा से प्रदेशवासियों के जीवन को आलोकित करने और सनातन संस्कृति से जोड़ने के लिए गीता जयंती पर बड़े स्तर पर गीता पाठ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने इंद्र का दरबार नहीं देखा लेकिन आज उसका लघु रूप यहां दिखाई दे रहा है। पांच हजार साल पहले जो रिकार्ड बना था, उस समय गिनीज बुक नहीं होगी, लेकिन उस समय भगवान के मुखारबिंद से निकले एक-एक शब्द लिपिबद्ध हुए थे। आज मप्र नहीं दुनिया के अंदर भगवान के मुंह से निकले गीता के पाठ का रिकार्ड बना है। आने वाले समय में इससे बड़ा कार्यक्रम कोई ओर करे तो हम आनंद में डूबेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी जमीन पर बसे गरीबों को उजाड़ने के बजाए वासगीत का पर्चा दे सरकारः भाकपा

**पटना**। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव मंडल ने बिहार सरकार द्वारा विशेष भूमि सर्वेक्षण को लेकर भ्रम को दूर करने के दावे को झूठ का पुलिंदा करार दिया है। किसी गरीब का खाता नहीं खुला है। पार्टी ने कई सवाल खड़े किए हैं। राज्य सरकार भूमि सर्वेक्षण के नाम पर भूमिहीनों को उजाड़ने के बजाए उसे मालिकाना हक दिलाने की गारंटी करे। सरकार की जमीन पर बसे लोगों को वासगीत का पर्चा दिया जाए।भूदान के पर्चाधारियों को जमीन।पर कब्जा दिलाया जाए।भाकपा ने भूमि सर्वेक्षण कार्य को सरल बनाने, ऑन लाइन रजिस्टर टू व जमाबंदी को दुरुस्त करने, सभी पर्चाधारियों के नाम पर खाता व जमाबंदी खोलने और बटाईदारों को मालिकाना हक देने की मांग की है। भाकपा राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि रजिस्टर टू और जमाबंदी का कम्प्यूटरीकृत नहीं किया गया है। अभी भी ऑन लाइन रजिस्टर टू और जमाबन्दी में कई विसंगतियां है। रजिस्टर टू में रैयत के नाम और पिता के नाम में भी त्रुटि है। इसे दुरुस्त किया जाय। जमाबन्दी में खेसरा नम्बर नहीं चढ़ा है। रजिस्टर टू और जमाबंदी को दुरुस्त किया जाय। हदबंदी से फाजिल जमीन रखने वाले भू स्वामी, गैर मजरुआ आम, गैर मजरुआ खास और गैर मजरुआ मालिक जमीन पर जो सुयोग्य श्रेणी के भूमिहीन जो वर्षों से जोत रहे हैं या बसे हुए हैं, उन्हें मालिकाना हक दिया जाए। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य से सूचना मिल रही है कि दाखिल -खारिज में दौड़ाया जाता है। राजस्व कर्मचारी से मुलाकात नहीं होती है,उनका एजेंट बात करता है। माल गुजारी की रसीद में जमाबंदी संख्या गलत लिखा जाता है या नहीं लिखा जाता है। पिता का नाम गलत लिखा जाता है। परिमार्जन के लिए आनलाइन आवेदन करने पर कोई जबाब नहीं दिया जाता है। आनलाइन एक दिखावा है। बिचौलियों से मिले कोई कार्य नहीं होता है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंतमंत्री अपनी पीठ थपथपाते रहें। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि विभिन्न प्रकार की जमीन पर गरीब 50 वर्षों से बस हुआ हैं। वैसे भूमिहीन जो जिस किस्म की जमीन पर वर्षों से बसा हुआ है, उन्हें उस जमीन का मालिकाना हक दिया जाय और उसके नाम से खाता खोला जाय। भू-हदबंदी से फाजिल जमीन पर जिन बटाईदारों को बटाई का पर्चा मिला हुआ है, उसके नाम पर उक्त भूमि का खाता खोला जाय।

### हुलास पांडे ने पार्टी के प्रदेश सचिव के पद पर हरिओम कुमार को नियुक्त किया



**पटना**। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद हुलास पांडे ने पार्टी के प्रदेश सचिव के पद पर भोजपुर निवासी हरिओम कुमार को नियुक्त किये हैं कुमार की नियुक्ति पर पार्टी के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने बताया कि पार्टी के पदाधिकारियो में मुख्य रूप से हुलास पांडे पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट पार्टी के प्रदेश महासचिव मृत्युंजय कुमार सिंह और फूल सिंह शिशिर राय मनीष कुमार सिंह भोजपुर जिला अध्यक्ष राजेश साहू प्रदेश सचिव अंकित कुमार पटना महानगर जिला अध्यक्ष माधव कुमार ओम प्रकाश भारती विकास कुमार यादव सभा कुमार अरविंद ओझा काकू सिंह सत्येंद्र सिंह ने बधाई दी है ।

### भाजपा फतुहा नगर मंडल चुनाव में कई उम्मीदवार ,किसके सिर पर मिलेगी ताज



**फतुहा**। भाजपा मंडल अध्यक्ष का चुनाव का समय सीमा तय कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 दिसंबर अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। बताया जाता है कि इस बार चुनाव में मनमानी नहीं चलेगी चलेगी। भाजपा में पदाधिकारी बनने की उम्र सीमा भी निर्धारित तय कर दी गई है।पहला मौका है कि भाजपा में मंडल अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष पद तक के लिए उम्र का मानक तय कर दिया गया है। प्राप्त सूत्रों के अनुसार मंडल अध्यक्ष का उम्र 35 से 45 साल तक निर्धारित कर दी गई है। जिला अध्यक्ष 45 से 60 साल तक उम्र वाले ही बनाए जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी संगठन में युवाओं और महिलाओं को तरजीह दी जा रही है। फतुहा नगर मंडल में कई उम्मीदवारों की चर्चा की जा रही, इस बार है।फतुहा नगर मंडल का किसे ताज मिलेगा यह चर्चा का विषय बना हुआ है। (1) शिवनाथ कुमार यादव (2) अभिषेक झा (3) टीपू सिंह (4) अनामिका अग्रवाल (5) लक्ष्मण साव (6) संतोष कुमार चंद्रवंशी (7) जितेंद्र मिस्त्री (8) श्याम सुंदर केसरी , (9)अनामिका पाण्डेय, (10)संजू कुमारी ममता सिन्हा।

### महिला सशक्तिकरण का रोल मॉडल बना बिहार : राजेश तिवारी

**पटना**। जनता दल यूनाइटेड के नेता राजेश तिवारी ने कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री लालू प्रसाद जी द्वारा आधी आबादी के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना उनकी राजनीतिक दिवालियापन का संकेत है। उन्हें देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महिलाओं की बेहतरी के लिए बहुत सारे काम किए हैं। पंचायत चुनाव से लेकर शिक्षा-नौकरी तक में महिलाओं के लिए आरक्षण का विशेष प्रावधान किए । महिलाओं की मांग पर राज्य में शराबबंदी कानून लागू किए । जीविका दीदी जैसे प्रोजेक्ट के कारण महिलाओं को खूब मौके मिले हैं। सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए ढेर सारी योजना पर काम कर रही है। समाज में महिला की मजबूत उपस्थिति के लिए वर्ष 2006 में नगर पंचायत और नगर निकाय में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। जो महिलाएं घर के बाहर कदम नहीं रखती थी वे घर की दहलीज को पार समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभाने लगी। पहले घर में बेटा पैदा होने पर ही खुशी मनाई जाती थी और लड़की पैदा होने पर घर-समाज के लोग कहते थे विपति आ गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस संकीर्ण सोच को बदलने का काम किया। आज देश में सबसे ज्यादा महिला पुलिसकर्मी है तो वह है बिहार। माननीय मुख्यमंत्री ने छात्राओं के लिए इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज के प्रवेश में 35% आरक्षण दिए तो वहीं सरकारी नौकरियों में 33% का आरक्षण दिए। यह उनकी महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धता दर्शाता है। श्री तिवारी ने कहा माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने लड़की के जन्म से लेकर स्नातक शिक्षा तक आर्थिक मदद और निःशुल्क शिक्षा देने का प्रावधान किया। उसी का परिणाम है कि आज लड़कियां हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है और लड़कों से कदमताल कर समाज में मजबूती से आगे बढ़ रही है। अब लड़की परिवार की बोझ नहीं शान है।शराबबंदी से पूर्व सबसे ज्यादा कोई प्रताड़ित होती थी तो वह हमारी बहन, बेटियां होती थी। गरीब मजदूर दिनभर की गाढ़ी कमाई शाम में शराब पीकर उड़ा देते थे और घर में बीबी, बच्चे भूखे सोने के लिए विवश होते थे। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की मांग को समझते हुए बिहार में शराबबंदी कानून लागू की और समाज में शांति कायम करने का काम किया। कल तक जिन घरों में अशांति, अराजकता और भूखमरी थी, आज वहां शांति, उन्नती व खुशहाली है। नीतीश कुमार ने सिर्फ राजनीतिक विसंगतियों को ही नहीं दूर किया। बल्कि सामाजिक कुरीतिया दूर किया है।

# 496 प्रखंड़ों में 3600 बसों के क्रय पर लाभुकों को मिलेगा अनुदान

नई सोच एक्सप्रेस



» मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत परिवहन विभाग द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से स्वीकृत ऋण वितरण कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ
» परिवहन विभाग मंत्री श्रीमती शीला कुमारी ने योजना के लाभुकों के बीच बस की चाभी एवं स्वीकृति पत्र का किया वितरण
» परिवहन सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस योजना के तहत लाभुकों को किफायती दर पर ऋण उपलब्ध कराने हेतु एसबीआई के साथ विभाग की सहमति बनी है

**पटना**। मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत राज्य के 496 प्रखंडों में बस परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगभग 3600 बसों के क्रय पर लाभुकों को अनुदान दिया जायेगा। इस योजना के तहत बुधवार को परिवहन विभाग द्वारा विश्वेशरैया भवन, सभागार में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से स्वीकृत ऋण वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। लाभुकों के बीच बस की चाभी एवं स्वीकृति पत्र का किया गया वितरण स्वीकृत ऋण वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ परिवहन विभाग मंत्री श्रीमती शीला कुमारी ने की। परिवहन विभाग मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत 5 लाभुकों के बीच बस की चाभी एवं स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया।

**रोजगार का होगा सृजन**-परिवहन विभाग मंत्री श्रीमती शीला कुमारी ने कहा कि लोगों को प्रखंडो से जिला मुख्यालय एवं राज्य के विभिन्न स्थानों तक बस परिवहन की सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नवंबर 2023 में मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना की शुरुआत की गई थी। योजना के तहत प्रति प्रखंड अधिकतम सात लाभुकों को बस के क्रय पर अनुदान का लाभ दिया जाएगा। इससे राज्य में रोजगार का सृजन होगा।

**बस के माध्यम से हाइवे पर सुरक्षित परिवहन की मिलेगी सेवा**-परिवहन सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी का सपना है कि हर गाँव को जिले और जिले राजधानी से जुड़े। लोगों को सुरक्षित परिवहन की सेवा मिले इसके लिए मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत बसों को संचालित की जा रही है। इससे हाइवे पर सड़क दुर्घटना में कमी आएगी।

**बस नहीं विकास की गाड़ी है**-परिवहन सचिव ने कहा कि प्रखंड से जिला मुख्यालय एवं राज्य के विभिन्न स्थानों तक बस परिवहन सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। यह बस नहीं विकास की गाड़ी है । जिला, गांव और शहर एक दूसरे से मिल जाने पर विकास निर्बाध रूप से होगा। योजना की शुरूआत होने से राज्य के लगभग 7200 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगर मिलेगा तथा कई परिवारों को अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा।

**प्रति बस 5 लाभ रुपये का मिलेगा अनुदान**-जिस प्रखंड में अनुसूचित जनजाति की संख्या 1000 से ज्यादा होगी उस प्रखंड में एक अतिरिक्त अनुसूचित जनजाति के कोटि में भी योजना का लाभ दिया जाएगा। यह योजना राज्य सरकार की महत्त्वपूर्ण योजना है, जो कि सीधे आमजनों से जुड़ा हुआ है। इसके तहत 496 प्रखंड हेतु लगभग 3600 बसों के क्रय पर प्रति बस 5 लाख रूपया अनुदान के रूप में लाभुक को भुगतान किया जा रहा है।

**हर जिले में होंगे नोडल पदाधिकारी**-स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के जेनरल मैनेजर, साउथ नेटवर्क श्री रविंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि इस योजना के तहत राज्य में कनेक्टिविटी बढ़ेगी। साथ ही विकास एवं युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए हर जिले में नोडल पदाधिकारी होंगे ताकि लाभुकों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। इस मौके पर अपर सचिव, परिवहन विभाग श्री प्रवीण कुमार, संयुक्त सचिव कृत्यानंद रंजन, उपसचिव श्रीमती अरुणा कुमारी, श्रीमती अर्चना कुमारी एवं अन्य पदाधिकारी इत्यादि उपस्थित थे।

## मोदी ने सरदार साहब के सपने को साकार करने का काम किया : अमित शाह

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। राजस्थान के जोधपुर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 11 फुट ऊँची प्रतिमा का अनावरण करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने देश की जनता को स्पष्ट संदेश दिया कि, सरदार साहब के जीवनकाल में शेष रह गए धारा 370 हटाना, यूनिफॉर्म सिविल कोड, भव्य राम मंदिर, ट्रिपल तलाक को समाप्त करना जैसे अनेक महत्त्वपूर्ण कार्यों को प्रधानमंत्री मोदी ने 10 वर्षों में पूरा करने का काम किया है। 1,100 किलोग्राम और 11 फुट ऊँची सरदार पटेल की ये प्रतिमा कई धातुओं से बनी है और इसे 8 फुट ऊँचे स्थान पर लगाया गया है, जिसकी सुगंध युगों-युगों तक फैलेगी। इतिहास गवाह है कि अखंड भारत के निर्माता सरदार पटेल के साथ देश और पूर्व की सरकारों ने कभी न्याय नहीं किया। दशकों तक एक ही परिवार की भक्ति में रची-बसी कांग्रेस पार्टी ने कभी सरदार पटेल का स्मारक तक नहीं बनने दिया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के केवड़िया में दुनिया की सबसे ऊँची 'स्टेच्यू ऑफ यूनिटी' बनाकर सरदार पटेल को सम्मानित करने का काम किया।

## जब नाश मनुज पर छाता है पहले विवेक मर जाता है ,जैसा अन्न वैसा मन : डॉ. मधुरेंदु पांडेय

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। जदयू नेता डॉ.मधुरेंदु पांडेय ने आज कहा है कि मेडिकल विज्ञान ने भी कहा है कि सभी के मन पर अन्न का प्रभाव सर्वाधिक पड़ता है और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपने बयान से यह सब साबित कर दिखाया है। बिहार को जिस समय आर्थिक विकास की सबसे अधिक जरूरी थी,उस समय उनके पिता लालू प्रसाद बतौर सीएम ने अपने पद का दुरूपयोग कर बिहार पशुपालन विभाग में घोटाला किया था। रिकार्ड कमाई भारत में एक नजीर बन गया जिसके चलते सूबे की किरकिरी हुई।वहीं रकम तेजस्वी की नई पीढ़ियां खाती आ रहीं हैं। पशुओं की दुहाई देने वालों ने पशु चारा का माखौल उड़ाया नतीजतन यह लालू प्रसाद को मुख्यमंत्री पद त्याग करना और राबड़ी देवी मुख्यमंत्री बनी लेकिन उनका राजनीतिक पृष्ठभूमि भी सवालों के घेरे में रहा।पांडेय ने कहा कि विकास यात्रा के क्रम का जारी रखना शायद तेजस्वी यादव के लिए पिकनिक मनाने जैसी हो लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस कड़कड़ाती ठंड में भी जनता के बीच जाकर संवाद में जन-जन को सहयोगी बनाने का संकल्प लिया है न कि सरकारी खजाने की लूट की है। मेरिट मानना है कि तेजस्वी यादव को अंधेरे घर सांप ही सांप लग रहा है ।अब बिहार की जनता उनके बहकावे में आने वाली नहीं। सरकारी नौकरी व खजाना लूट का सिद्धांत तेजस्वी ने सीखा है न कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने।कथनी-करनी व भरनी का अंतहीन खेल खेलने में माहिर राजनीतिक पृष्ठभूमि में पिछड़ते तेजस्वी यादव को लोगों ने बयानवीर से अधिक कुछ नहीं समझा है।जनता की नजरों में अन्न का प्रभाव ही बोल रहा है। चुंकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विकास और विश्वास के पर्याय हैं इसलिए पारदर्शिता के साथ कार्य करना आता है।महिला संवाद यात्रा के लिए प्रासंगिक हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

## जारी है केंद्र सरकार से बिहार को मिल रही सौगातों का सिलसिला : प्रभाकर मिश्र

नई सोच एक्सप्रेस

» बिहार को मिल रही सौगातों को देखकर इंडी के लोगों का फट रहा कलेजा
» विशेष दर्जा की रट लगा रहे तेजस्वी

**पटना**। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि केंद्र सरकार से बिहार को मिल रही सौगातों का सिलसिला जारी है। इन सौगातों से बिहार के विकास को गति मिल रही है और अब वह दिन दूर नहीं, जब बिहार की गिनती देश के समृद्ध प्रदेशों में होगी। श्री मिश्र ने आज यहां कहा कि एक तरफ एनडीए सरकार में बिहार प्रगति के पथ पर तेजी रफ्तार के साथ आगे बढ़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ केंद्र सरकार से बिहार को मिल रही मदद को देखकर विकास के सबसे बड़े शत्रु इंडी गठबंधन के नेताओं का कलेजा फट रहा है। इन लोगों की मंशा बिहार को फिर लालटेन युग में ले जाने की है, ताकि लालटेन के अंधेरे में ये अंधेरगर्दी कर सकें। लेकिन, एनडीए इनकी मंशा कभी पूरी होने नहीं देगा। श्री मिश्र ने कहा कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बिहार के लिए 5 लाख 46 हजार 190 अतिरिक्त आवास की स्वीकृति प्रदान की है। हर गरीब को पक्का मकान उपलब्ध करना सरकार का लक्ष्य है। बिहार की डबल इंजन की सरकार में यह लक्ष्य शीघ्र हासिल हो जाएगा। सौगातों की झड़ी देखकर विशेष दर्जा की रट लगा रहे तेजस्वी यादव की आंखें खुल गयी होंगी। तेजस्वी को अब समझ जाना चाहिए कि सिर्फ रट लगाने से बिहार का भला नहीं हो जाता। रट लगाना सिर्फ दिखावा करना है। असल है करके दिखाना। और एनडीए सरकार ने करके दिखा दिया है। विशेष दर्जा न सही, लेकिन बिहार को केंद्र से मिल रही मदद विशेष दर्जा से कम भी नहीं है। श्री मिश्र ने कहा कि बिहार को मिल रहे तोहफों को देखकर उन लोगों की नींद उड़ गयी है, जो बिहार को प्रगति के पथ पर कभी नहीं देखना चाहते थे। लेकिन, ऐसे लोगों को अभी दिल थाम कर बैठना होगा। क्योंकि ये तो सिर्फ झांकी है, अभी पूरा दृश्य बाकी है।

## नीतीश कुमार के विकास के कार्यों को पंचायत के लोगों तक पहुंचाएं जदयू के नेता : ओमप्रकाश सेतु



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। जदयू के प्रदेश महासचिव ओमप्रकाश सिंह सेतु ने कहा कि बिहार के हर क्षेत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कुमार ने विकास किया है। जदयू कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है की वे इस विकास की किरण को गांव में रह रही जनता तक पहुंचाएं। श्री सेतु महुआ विधानसभा क्षेत्र के महुआ और चेराकला प्रखंड में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने हेतु संबोधित कर रहे थे। कार्यकर्ता सम्मिलन वैशाली के अक्षयवट्ट स्टेडियम14 दिसंबर को आयोजित है उन्होंने कहा बिहार के हर गांव तक सड़क, हर घर तक बिजली, नल का जल और स्कूल एवं अस्पतालों में बेहतर सुविधा नजर आ रही है वह मुख्यमंत्री जी के न्याय के साथ विकास का ही देन है। उन्होंने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री जी विकास के कार्यों पर ध्यान दे रहे हैं वहीं विपक्ष बेतुका बयान बाजी में समय दे रहा है और तो और राजद के युवराज पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव तो जनप्रतिनिधि का भी सम्मान नहीं करते और उनको अपमानित कर रहे हैं। इसका हिसाब 2025 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता देगी। इस मौसम पर प्रदेश महासचिव योगेश्वर राय ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री जी किसी खास समुदाय के लिए नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की जनता को अपना परिवार मानकर उनके सुख-दुख में साथ देते हैं मगर विपक्ष को सिर्फ बयानबाजी करना ही आता है। इस मौके पर प्रदेश महासचिव आसमा परवीन, प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार सुमन,इम्तियाज अहमद ,विजय कुमार सिंह अर्जुन पटेल सहित बड़ी संख्या ,में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पुलिस की मिलीभगत से अपराध छिपाने के लिए चित्र हटाए गए; समिति ने कार्रवाई की मांग की

नई सोच एक्सप्रेस

» हिंदू जनजागृति समिति के विरोध के बाद दिल्ली आर्ट गैलरी से हिंदू-विरोधी चित्रकार एम.एफ. हुसैन के देवताओं के नग्न चित्र चुपचाप हटाए गए



**पटना**। दिल्ली आर्ट गैलरी में 'हुसेनः द टाइमलेस मॉडर्निस्ट' नामक चित्र प्रदर्शनी में हिंदू-विरोधी चित्रकार एम.एफ. हुसैन द्वारा रेखांकित किए गए हिंदू देवी-देवताओं के नग्न और आपत्तिजनक चित्र प्रदर्शित किए गए थे। हिंदू जनजागृति समिति ने इन आपत्तिजनक चित्रों को तुरंत हटाने और दिल्ली आर्ट गैलरी के संचालकों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की थी। इस संदर्भ में समिति की ओर से अधिवक्ता अमिता सचदेवा ने 9 दिसंबर को संसद मार्ग पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद आयोजकों ने उक्त आपत्तिजनक चित्रों को रातों-रात हटा दिया । हमारी शिकायत के बाद देवताओं के चित्र हटा दिए गए, यह एक सफलता है। लेकिन जब तक आयोजकों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे, ऐसा हिंदू जनजागृति समिति के प्रवक्ता श्री नरेंद्र सुर्वे ने कहा। उन्होंने यह भी कहा कि यह सफलता धर्मयोद्धा अधिवक्ताओं, हिंदू जनजागृति समिति और हिंदुत्वनिष्ठ संगठनों के संगठित प्रयास का परिणाम है। हालांकि आयोजकों ने पुलिस के सामने यह दावा किया कि ऐसे चित्र वहां नहीं थे, लेकिन उन चित्रों की तस्वीरें और अन्य सबूत हमारे पास हैं। आयोजकों ने जानबूझकर अपना अपराध छिपाने के लिए रातों-रात चित्र हटाकर सबूत नष्ट करने का प्रयास किया। इस संदर्भ में दूसरी शिकायत भी हिंदू जनजागृति समिति ने संसद मार्ग पुलिस थाने में की है और प्रदर्शन स्थल के सीसीटीवी फुटेज जब्त करने की मांग की है। इस चित्र प्रदर्शनी में एक चित्र में भगवान श्री गणेश की गोद में एक नग्न महिला (संभवतः रिद्धि/सिद्धि) को बैठा दिखाया गया है। दूसरे चित्र में भगवान हनुमान एक नग्न महिला (संभवतः सीता माता) को एक हाथ में पकड़कर उड़ते हुए दिख रहे हैं। वहीं, एक अन्य चित्र में बिना सिर वाले भगवान शिव की गोद में एक नग्न महिला को बेहद आपत्तिजनक तरीके से दर्शाया गया है। ये चित्र हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर आहत करने वाले हैं। समिति ने भारतीय दंड संहिता की धारा 295 (ए) और भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 के तहत आयोजकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। श्री सुर्वे ने कहा कि अगर यह अन्य धर्मों के धार्मिक स्थलों के साथ हुआ होता, तो दिल्ली में 'सर तन से जुदा' के नारे लगते और दंगे होते। इससे पहले भी हिंदू-विरोधी चित्रकार एम.एफ. हुसैन ने भारत माता और हिंदू देवताओं के नग्न और अश्लील चित्र बनाकर करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत किया था। उनके खिलाफ देशभर में 1250 से अधिक पुलिस शिकायतें दर्ज की गई थीं। इसके बाद हुसैन देश छोड़कर भाग गए और 2011 में उनका निधन हो गया। दिल्ली आर्ट गैलरी के इस संघर्ष में सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता मकरंद अडकर, अधिवक्ता शांतनु, अधिवक्ता केसरी, अधिवक्ता विक्रम, अधिवक्ता यादवेंद्र, सनातन स्वाभिमान सभा के अध्यक्ष ब्रिजेश शर्मा और समिति के प्रवक्ता श्री नरेंद्र सुर्वे शामिल थे।

# मुख्यमंत्री उद्यमी योजना एवं बिहार लघु उद्यमी योजना के लाभार्थियों के बीच द्वितीय किस्त का वितरण कल 12.12.2024 को किया जायेगा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवा/युवतियों के बीच उद्यमिता को प्रोत्साहित करने, स्व-रोजगार प्रदान करने एवं उनके आर्थिक उत्थान के उद्देश्य हेतु उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा कल दिनांक 12.12.2024 को अरण्य भवन, पटना में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना एवं बिहार लघु उद्यमी योजना के लाभार्थियों को राशि वितरित की जायेगी। वर्ष 2018 से लागू की गयी मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत लाभार्थियों को परियोजना के अनुरूप अधिकतम रु0 10.00 लाख तक की वित्तीय सहायतता प्रदान की जाती है जिसमें 50 प्रतिशत राशि अनुदान एवं शेष 50 प्रतिशत राशि ऋण के रूप में दी जाती है। वहीं बिहार लघु उद्यमी योजना की शुरूआत वर्ष 2023-24 में हुई थी। यह योजना बिहार जाति आधारित गणना में आर्थिक रूप से गरीब पाये गये परिवारों के आर्थिक उत्थान के लिए लागू की गयी है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को स्व-रोजगार हेतु अधिकतम रु0 2.00 लाख तक की आर्थिक सहायता अनुदान के रूप में प्रदान की जाती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 तक मुख्यमंत्री उद्यमी योजनान्तर्गत चयनित कुल 34455 लाभुकों को परियोजना राशि के रूप में रु0 2800.00 करोड़ की राशि विमुक्त की जा चुकी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री उद्यमी योजनान्तर्गत निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदन में से जिलावार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कम्प्यूटरीकृत रेण्डोमाईजेशन प्रणाली से कुल 7715 आवेदकों का चयन किया गया। चयनित आवेदकों में से प्रशिक्षण प्राप्त 2769 (दो हजार सात सौ उनहतर) लाभुकों को प्रथम किस्त के रूप में कुल रू0 55.38 करोड़ की राशि वितरित की जा रही है। शेष चयनित आवेदक का प्रशिक्षण सूचीबद्ध 07 प्रशिक्षण संस्थानों में कराया जा रहा हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में बिहार लघु उद्यमी योजनान्तर्गत चयनित 40,099 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में रु0 200.49 करोड़ की राशि विमुक्त की गयी है। कुल चयनित लाभार्थियों का 03 दिवसीय प्रशिक्षण जिला उद्योग केन्द्र के माध्यम से कराया जा रहा है। अब तक 31,000 लाभार्थियों का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। प्रथम किस्त प्राप्त वैसे लाभार्थी जिनके उपयोगिता को महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र द्वारा अनुशंसित किया गया है, उन्हें द्वितीय किस्त के रूप में प्रति लाभार्थी रु0 1.00 लाख की दर से राशि वितरित की जा रही है। यह वितरण कार्यक्रम कई विभागीय मंत्री, उद्योग-सह-पर्यटन मंत्री, श्री नीतीश मिश्रा, श्रीमति वन्दना प्रेयसी, सचिव, उद्योग विभाग, श्री आलोक रंजन घोष, उद्योग निदेशक एवं विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी की उपस्थिति में आयोजित की जायेगी। इस आयोजन के तहत पूरे राज्य में जिला स्तर पर राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जो जिला पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि के नेतृत्व में की जायेगी। राज्य के अन्य सभी जिलों में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र के माध्यम से जिला पदाधिकारी एवं जिला के जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना एवं बिहार लघु उद्यमी योजना के चयनित लाभुकों के बीच क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय किस्त की राशि वितरित की जा रही है। यह आयोजन राज्य सरकार द्वारा राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवा/युवतियों के बीच उद्यमिता को प्रोत्साहित करने, स्व-रोजगार प्रदान करने एवं उनके आर्थिक उत्थान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें उद्यमियों को आर्थिक सहयोग देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार पुलिस का 112 सफेद हाथी

**पटना।** राजधानी के जक्कनपुर थाना से महज सौ मीटर दूरी पर बेलगाम लहरिया कट ई रिक्शा क्षमता से अधिक यात्री बैठाये हुआ बीच सड़क पर पलट गया जिससे दो दिन वाइक सबर चपेट में आ गया । तीन यात्री को चोट आई यह पूरी घटना पत्रकार के सामने हुई । ई रिक्शा नबालिग चला रहा था ड्राइविंग लाइसेंस माँगने पर बहाना बनाया और ई रिक्शा लेकर भागने लगा स्थानीय लोगो ने गाड़ी को पकड़ा । इसी बीच जक्कनपुर थाना के 112 एक नंबर आयी जिस पर एक दारोगा सवार थे वे देखकर चलते बने और घायलों को इलाज कराना भी मुनासिब नही समझा । जब पत्रकार ने एसएसपी को फोन किया तब जक्कनपुर से आधे घण्टे बाद जिप्सी आई और 112 पर कॉल करने पर जक्कनपुर थाने की दूसरी गाड़ी आयी जिसमे एक एएसआई और एक महिला पुलिसकर्मी ने सभी घायलों को गर्दनीबाग अस्पताल पहुचाया । 112 को संवेदनशील बंनाने की जरूरत है । डीजीपी के निर्देश के बाद भी पुलिस संवेदनशील नही हो पा रही है । ई रिक्शा को थाना पहुँचा दिया गया है देखना दिलचस्प होगा कि कोई करवाई होती है या मामला को रफा दफा कर दिया जाता है ।

### नए साल में 15 अगस्त से पहले पटना मेट्रो की मिलेगी सौगातः मंत्री नितिन नवीन



**पटना।** बिहार के नगर विकास एवं आवास मंत्री माननीय नितिन नवीन द्वारा पटना मेट्रो के प्रायरिटी कॉरिडोर का निरीक्षण किया गया, जहां उन्होंने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अधिकारियों को कई अहम दिशानिर्देश दिय। इस दौरान उनके साथ विभाग की संयुक्त सचिव श्रीमती वर्षा सिंह भी मौजूद रहीं। निरीक्षण के बाद मंत्री महोदय ने कहा कि मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। मलाही पकड़ी से लेकर न्यू आईएसबीटी तक बने प्रायरिटी कॉरिडोर पर सिविल वर्क लगभग पूरा हो गया है। अब ट्रैक बिछाने और ट्रेन सेट की खरीदारी करने का काम चल रहा है। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक और टेलीकॉम सिग्नलिंग का काम भी जल्द शुरू किया जाएगा। हमारी प्राथमिकता है कि अगस्त 2025 तक पटनावासियों को मेट्रो की सुविधा मिलने लगे। उन्होंने बताया कि पटना मेट्रो के करीब 6.5 किलोमीटर लंबे प्रायरिटी कॉरिडोर में पांच एलिवेटेड मेट्रो स्टेशन हैं। इनमें मलाही पकड़ी, खेमनीचक, भूतनाथ, जीरोमाइल और न्यू आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। मेट्रो का परिचालन शुरू होने के बाद शहरवासी सिर्फ 15 मिनट में मलाही पकड़ी से बैरिया बस स्टैंड तक पहुंच जाएंगे। वहीं, उन्होंने कहा कि मेट्रो का परिचालन होने से पटना की सड़कों पर बढ़ रहे ट्रैफिक का दवाब कम होगा। साथ ही शहरवासियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। मंत्री द्वारा बैरिया बस स्टैंड के पास बने पटना मेट्रो डिपो का भी निरीक्षण किया गया, जहां मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि डिपो में घुलाई से लेकर मेंटेनेंस तक का काम किया जाएगा। इसके अलावा यहां एक कंट्रोल सिस्टम भी बनाया जाएगा। आप कह सकते है कि यह पूरे पटना मेट्रो का हर्ट होगा। यहां बने एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग में कंट्रोल सिस्टम, मैनेजमेंट सिस्टम, सिक्योरिटी, ट्रेनिंग सेंटर मौजूद रहेगा। डिपो पर टेस्ट ट्रैक का भी निर्माण किया जाएगा, जहां मेट्रो ट्रायल रन होगा।

### वरिष्ठ पत्रकार व लेखक संतोष सिंह के कविता-संग्रह 'करवट' पर परिचर्चा संपन्न

**पटना।** वाणी प्रकाशन ग्रुप से प्रकाशित वरिष्ठ पत्रकार व लेखक संतोष सिंह के कविता-संग्रह 'करवट' पर पटना पुस्तक मेला में आज एक प्रेरक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने साहित्य और समाज के बदलते स्वरूप पर विचार-विमर्श का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। वाणी प्रकाशन की संपादक अदिति माहेश्वरी ने अतिथियों का स्वागत किया। परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिष्ठित साहित्यकार अरुण कमल ने अपने विचार प्रस्तुत किए। अरुण कमल ने कहा कि कविता वो खबर है जो हमेशा खबर बनी रहती है। संतोष जी का यह संग्रह काफ़ी चर्चित भी है। इसमें बिहार के बारे कविता है। सोमदत्त ने भी बिहार पर कविता लिखा है। राजनीतिक, सामाजिक और मानव संबंधों की कविता है इसमें। बहन, बेटी उनकी कविता के स्थायी नागरिक हैं। समाजवादी चिंतक और साहित्यकार प्रेम कुमार मणि ने कहा कि संतोष जी का यह संग्रह कविता की परंपरा को और आगे बढ़ाता है। कम्बल नामक कविता गैर बराबरी को दर्शाता है। कई मार्मिक कविता है इस संग्रह में। न्यूज़ 18 बिहार-झारखंड के इनपुट एडिटर श्री ब्रजमोहन सिंह ने भी अपने बहुमूल्य विचार साझा कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इस सत्र का विशेष आकर्षण कवि संतोष सिंह द्वारा 'करवट' से कविताओं का पाठ था, जिसने श्रोताओं को गहराई से प्रभावित किया। इस कविता-संग्रह ने समाज के विभिन्न पहलुओं को गहराई से देखने और उन पर विचार करने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में साहित्य प्रेमियों, छात्रों और बुद्धिजीवियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और इसे एक अविस्मरणीय अनुभव बताया।

### पप्पू यादव ने लोकसभा में बिहार के रेल परियोजनाओं को लेकर उठाई मांग

» रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा बिहार में काम की गति और आगे बढ़ेगी
» कोरोना के बाद बिहार जाने वाली पैसेंजर ट्रेनें, जो बंद कर दी गई, वो एक भी नहीं चलीं- पप्पू यादव
» शिवहर और सीतामढ़ी, दूसरा बोधगया, राजगीर और वैशाली पर्यटन स्थल को रेलवे से जोड़ा जाये- पप्पू यादव

**पटना।** पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने बुधवार को लोकसभा के भीतर बिहार के कई रेल परियोजनाओं की मांग उठायी। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से उन्होंने राज्य के कई परियोजनाओं को लेकर सवाल उठाया। हालांकि इस दौरा उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की भी तारीफ की। लोकसभा के प्रश्नकाल में पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने प्रश्न पूछते हुए कहा कि कोरोना के बाद बिहार जाने वाली पैसेंजर ट्रेन, जो बंद कर दी गई, वो एक भी नहीं चलीं। कनेक्टिविटी की बात भी रेल मंत्री करते हैं। बिहार का आधार पर्यटन का है तो आपसे कई बार मैंने इसको लेकर आग्रह किया। इसी दौरान पीएम मोदी की तारीफ करते हुए पप्पू यादव ने कहा- प्रधानमंत्री जी अच्छा काम कर रहे हैं।' हालांकि उसके पहले पप्पू यादव हाथ जोड़कर खड़े हो गए और रेल मंत्री से सवाल किए। आगे सांसद ने कहा कि मेरा आग्रह है कि रेल मंत्री जी बिहार के प्रति जितनी बातें कहते हैं, लेकिन पहला शिवहर और सीतामढ़ी, दूसरा बोधगया, राजगीर और वैशाली पर्यटन स्थल को आप नहीं जोड़ पाए। पप्पू यादव के सवालों पर सदन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जवाब दिया और कहा कि जो सांसद विचार रख रहे हैं, उनके विचारों का हम स्वागत करते हैं। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बिहार में पिछले 10 सालों में जितना काम हुआ है, वो ऐतिहासिक है। कोसी का ब्रिज सालों से अटका हुआ था, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने पूरा किया। बिहार में काम की गति और आगे बढ़ेगी। पप्पू यादव से अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सांसद जी से अनुरोध है कि काम में सहयोग करें। वो रेलवे के अच्छे जानकार हैं। उनके यहां रेलवे की फैक्ट्री भी बनी है। आप रेलवे को लेकर और अच्छे सुझाव दे सकते हैं। उन सुझावों को लेकर काम करेंगे और बिहार को मिलकर बहुत ही मजबूत, सशक्त और समृद्ध बनाने का काम करेंगे।

# श्रमिकों के कल्याण के लिए दर्जनों योजना - जोशी

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** श्रम मंत्रालय भारत सरकार की ओर से प्रेम यूथ फाउंडेशन परिषर गोविंदपुर में श्रमिक जागरूकता सह रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया । शिविर का उद्घाटन क्षेत्रिय निदेशक विनोद जोशी ने दीप प्रज्वलित कर किया । अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने श्रमिको के कल्याण के लिए दर्जनों योजना बनाया है जिसे पाने के लिए ई श्रमकार्ड, श्रमिक कार्ड,आभा कार्ड का होना अनिवार्य है । श्रमिको को जागरूकता के लिए हर पंचातय में शिविर आयोजित होंगे । उन्होंने लोगों से कार्ड बनबाने का आह्वान किया । वहीं फाउंडेशन के सचिव गोपी कुमार ने कहा कि श्रमिको को हर स्तर पर फाउंडेशन सहयोग कर रहा है । स्वस्थ्य जांच शिविर, कम्वल वितरण,विटामिन सी का वितरण, पैष्टिक आहार का वितरण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है । वाल श्रम के रोक थाम के लिए टीम का गठन कर स्थानीय प्रसासन को सहयोग कर रहा है । जिस श्रमिक के मृत्यु हो गया है उनके दो बच्चों को चार हजार प्रति माह पढ़ाई के लिए दिया जा रहा है । मौके पर धर्मवीर कुमार उर्फ कक्कू , अपूर्ण देवी, बिहार एटीएस के सदस्य राखी कुमारी ने भी अपना विचार प्रकट किया ।

# सायकिल चलाये पर्यावरण बचाये- गौरव राय

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** कदमकुआँ स्थित सर गणेश दत्त पाटलिपुत्रा इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय में एक छात्र को साइकिल दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया इस अवसर पर विद्यालय के वर्ग नवम् के छात्र राजकुमार मंडल को गौरव राय के द्वारा एक साइकिल दिया गया। छात्र को गौरव राय और प्राचार्या उषा जी के द्वारा चाभी सौंगा गया, इस अवसर पर पूर्ववर्ती छात्र प्रभात कुमार सुमन भी अतिथि के तौर पर उपस्थित थे।पूर्ववर्ती छात्र गौरव राय भी इसी विद्यालय से पढ़े हैं और उन्होंने घोषणा किया की प्रत्येक माह में एक छात्र को साइकिल वो अपने वेतन से उपलब्ध करवायेंगे।प्राचार्या उषा जी और पीटी शिक्षक राजीव रंजन ने इस कार्य की तारीफ़ किया और कहाँ की उनकी कोशिश होगी कि छात्रो का चयन करते समय पूरी पारदर्शिता का पालन हो।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाएं सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।गौरव राय जो इस विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य भी हैं ने वादा किया कि कोशिश है इस विद्यालय की पूर्व गरिमा को बहाल किया जाएगा। प्राचार्या उषा जी ने विद्यालय में किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया और निर्माण कार्य को दिखाया।पूर्व छात्र प्रभात कुमार सुमन ने भी इस विद्यालय में बिताये गये संस्मरण को याद किया और भविष्य में इस विद्यालय के छात्रो के लिये कुछ और अच्छा करने का वादा किया।

# रबी मौसम में 36 जिलों के 18 हजार से अधिक गाँवों में किया जायेगा डिजिटल क्रॉप सर्वेः- संजय कुमार अग्रवाल

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार श्री दीपक कुमार सिंह द्वारा आज कृषि विभाग द्वारा बामेती, पटना में एग्री स्टैक परियोजना अन्तर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री विषय पर आयोजित एक दिवसीय कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। सचिव, कृषि विभाग, बिहार श्री संजय कुमार अग्रवाल द्वारा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। अपर मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में डिजिटल क्रॉप सर्वे कराना बहुत जरूरी है। डिजिटल क्रॉप सर्वे हो जाने से यहाँ के किसानों की जमीन के बारे में साईंटिफिक डाटा उपलब्ध हो जायेगा और जरूरतमंद किसानों को योजनाओं का उचित लाभ मिल पायेगा। उन्होंने 31 जनवरी तक जियो रेफरेंस मैप तैयार करने का निदेश दिया। उन्होंने आगे बताया कि राज्य में लगभग 45 हजार राजस्व ग्राम हैं, जिसमें से इस रबी मौसम में 50 प्रतिशत राजस्व ग्राम का जियो रेफरेंस मैपिंग करने का लक्ष्य है। डिजिटल क्रॉप सर्वे एक बहुत महत्वाकांक्षी योजना है। बिहार में वर्तमान 4.5 करोड़ जमाबंदियाँ खुले हैं, जिसमें से कई जमाबंदियाँ अभी भी पूर्वजों के नाम से है। अगले एक महीने में भू-अभिलेख को आधार से लिंक कर लिया जायेगा। उन्होंने कृषि विभाग से अपील किया कि कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उन्हीं किसानों को दें, जिनका भू-अभिलेख आधार से लिंक हो। साथ ही, उन्होंने किसानों से अपना भू-अभिलेख ठीक कराने का भी आह्वान किया। सचिव, कृषि विभाग श्री संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि बिहार में डिजिटल क्रॉप सर्वे का बहुत बड़ी क्रांति के रूप में शुरूआत की जा रही है। वर्तमान में किस जिला में, किस फसल की, कितने क्षेत्र में खेती की गई है, इस विषय पर विभिन्न स्रोतों के अलग-अलग आँकड़े हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक राज्य में लगभग 18 लाख प्लॉट का डिजिटल क्रॉप सर्वे किया गया है। वर्तमान में 36 जिलों के 18 हजार से अधिक गाँवों का डाटा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के अंतर्गत एग्री स्टैक परियोजना का एक महत्वपूर्ण घटक है, जो कृषि फसल सर्वेक्षण प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने और सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। डिजिटल क्रॉप सर्वे योजना में फसलों के रियल टाईम में बोये गये फसलों का आच्छादन क्षेत्र का सही आकलन किया जा सकेगा, जिससे फसलों के विपणन तथा नीति-निर्धारण में सहुलियत होगी। सचिव ने कहा कि गत वर्ष रबी में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 5 जिलों जहानाबाद, लखीसराय, मुंगेर, नालंदा एवं शेखपुरा के 831 गाँवों में डिजिटल क्रॉप सर्वे कराया गया है। इस योजना के तहत कृषि और राजस्व विभाग के अधिकारियों को इस कार्यक्रम में संचालन करने हेतु मास्टर ट्रेनर के रूप में चुना गया है। मार्च, 2024 में बिहार में डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए 15 और जिलों को शामिल किया था। श्री अग्रवाल ने कहा कि 05 जिला के 10 गाँव में 1.18 लाख प्लॉट का डिजिटल क्रॉप सर्वे 31 जनवरी तक करना होगा। डिजिटल क्रॉप सर्वे करने वाले कर्मी को 05 रूपये प्रति प्लॉट की दर से प्रोत्साहन राशि दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त पावर बैंक की सुविधा के साथ-साथ नेट के लिए अलग से राशि उपलब्ध करायी जायेगी। यह कार्य अनुमंडल कृषि पदाधिकारी के नेतृत्व में कराया जायेगा। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी को डिजिटल क्रॉप सर्वे का प्रशासनिक प्राधिकार नामित किया जायेगा। प्रत्येक अनुमंडल कृषि पदाधिकारी को नमूना के रूप में एक-एक गाँव का डिजिटल क्रॉप सर्वे स्वयं अगले एक महीने में करना होगा, ताकि वे डिजिटल क्रॉप सर्वे के मास्टर ट्रेनर के रूप में काम सके। श्री अग्रवाल ने बताया कि एग्रीस्टैक की इस योजना से जहाँ फसलवार आच्छादन की सटीक अनुमान/जानकारी प्राप्त हो सकेगी। साथ ही, इससे किसान की भूमि, खेत का क्षेत्रफल और उगाई गई फसलों का सत्यापित विवरण सिंगल विन्डो पर प्राप्त हो सकेगा, जिससे ऋण और फसल बीमा या अन्य कृषि सेवाओं का किसानों तक आसानी से पहुँच बनाने में सुविधा प्रदान की जा सकेगी। इसके अलावे न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारण, पॉलिसी मेंकिंग, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधनए फसल जोखिम प्रबंधन, फसल के लिए बेहतर बाजार प्राप्त हो सकेगा। यह परियोजना टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देगा, जिससे किसानों एवं अन्य हितधारकों को लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के विशेष सचिव डॉ0 वीरेन्द्र प्रसाद यादव, कृषि निदेशक श्री नितिन कुमार सिंह, अपर निदेशक (शष्य)-सह-निदेशक बामेती श्री धनंजयपति त्रिपाठी, 05 जिलों के अपर समाहर्त्ता/ अंचलाधिकारी/राजस्व पदाधिकारी सहित कृषि विभाग के अनुमंडल कृषि पदाधिकारी एवं सहायक निदेशकगण उपस्थित थे।

# पटना पुस्तक मेला में आज प्रेम गली अति सांकरी

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** पटना पुस्तक मेला में आज प्रेम गली अति सांकरी विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में भाग लिया डॉक्टर अमूल्य शबाना हसन , सुप्रसिद्ध एक्ट्रेस नेहा मारदा अग्रवाल और मधुबाला ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मधुबाला ने बताया की शबाना बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं । शबाना ने वकालत से अपने पेशे की शुरुआत हुई, फिर शिक्षिका बनी और अभी अपनी व्यवसाय चलती हैं. डॉक्टर अमूल्य एक यूथ आइकॉन हैं. डॉक्टर अमूल्य देश और दुनिया के सुविख्यात हड्डी के डॉक्टर हैं। इन्हें कई सम्मानों से नवाज़ा गया। नेहा मारदा अग्रवाल इस देश की जानी मानी ऐक्ट्रेस हैं। सुप्रसिद्ध एक्ट्रेस नेहा मरदा अग्रवाल ने कहा कि प्रेम की कोई भाषा नहीं हैं.हर रिश्ते में प्यार होता हैं। नफ़रत उसी से किया जा सकता है जिससे ज़्यादा प्यार होता हैं। प्यार कभी भरोसे के रूप में आता हैं कभी रिश्ते के रूप में आता हैं.मेरा अनुभव की हमें सेल्फ़लेस होकर प्यार करती चाहिए। डॉक्टर अमूल्य ने कहा कि प्यार जीवन में बहुत ज़रूरी हैं। उन्होंने संयुक्त परिवार की ज़रूरत पर जोड़ देते हुए कहा कि लव मैरेज में भी गार्जियन का आशीर्वाद बहुत ज़रूरी हैं।मेरा मानना हैं कि हमें अपने लव मैरेज को अरेंज मैरेज में बदल कर शादी करनी चाहिए। अरेंज मैरेज में लड़की मेरे जवानी के दिनों में बहुत महत्वाकांक्षाएँ थी।मैं ग्लैमर वर्ल्ड में ज़्यादा घुल मिल गया था। मैंने अनुभव किया कि संयुक्त परिवार ज़्यादा ज़रूरी हैं। दिल हमेशा प्यार की बात करता हैं। शबाना हसन ने अपने प्रेम विवाह पर बात रखते हुए कहा कि 90 के दशक में अंतर्धार्मिक विवाह में थोड़ी दिक़्क़त आई थी लेकिन हमारे परिवार वाले ने सहमति दे दी। प्रेम में सोच समझ कर काम करने पर घर से लेकर समाज तक सभी एक्सेप्ट कर लेता हैं। शबाना ने कहा कि आज के यूथ को ज़्यादा रेस्पोंसिबल बनाना होगा। प्यार करना आसान हैं, शादी करना आसान हैं लेकिन शादी के बाद भी प्रेम करना एक चैलेंजिंग काम हैं। सी आर डी अध्यक्ष रत्नेश्वर जी ने सभी अतिथियों का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। मौक़े पर मनी त्रिपाठी, रत्नेश्वर,अमित झा, सुशील कुमार मौजूद थे।

# वैश्विक अनिश्चितता के बीच वित्त वर्ष 26 में 7% की वृद्धि की उम्मीद

नई सोच एक्सप्रेस

» एक्सिस बैंक की 2025 आउटलुक रिपोर्ट जारी

**पटना।** एक्सिस बैंक के चीफ इकॉनॉमिस्ट नीलकंठ मिश्रा ने वित्त वर्ष 26 में आम सहमति से ऊपर 7% की वृद्धि का अनुमान लगाते हुए कहा कि पूंजी निर्माण में घरेलू अर्थव्यवस्था को समर्थन मिला है, जिसे पूंजीगत व्यय चक्र में सुधार, वित्त वर्ष 25 में पिछली तिमाही के वित्तीय व्यय से मिली मदद, सीआरआर में कटौती और संभावित रूप से आगे की मैक्रो-प्रूडेंशियल सहजता से ऋण वृद्धि को पुनर्जीवित करने में मदद मिली है। बैंक की इंडिया इकोनॉमिक एंड मार्केट आउटलुक 2025 रिपोर्ट में मिश्रा और सह-लेखक प्रतीक अंचा, तनय दलाल, पुलकित कपूर और स्मृति मेहरा ने व्यापार में वैश्विक अनिश्चितता, उच्च ब्याज दरों, चीन में धीमी वृद्धि और अपस्फीति के जोखिम और मुद्रा में अस्थिरता पर प्रकाश डाला है। हालांकि, उनका मानना है कि भारत की अर्थव्यवस्था के 7% की प्रवृत्ति वृद्धि दर पर वापस आने के प्रमुख चालक स्थानीय बने हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा वैश्विक वृद्धि पूर्वानुमान स्थिरता दिखाते हैं, लेकिन 20 जनवरी के बाद अमेरिकी नीति के बारे में अनिश्चितता दृश्यता को धुंधला करती है। वैश्विक व्यापार और वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता उच्च स्तर पर बनी रहने की संभावना है। वित्तीय वर्ष 2025 में पिछली तिमाही में हुए सरकारी खर्च और बेहतर क्रेडिट ग्रोथ, जिसे संभावित रूप से और अधिक मैक्रो-प्रूडेंशियल नरमी से समर्थन मिलेगा, के जरिए अर्थव्यवस्था को वित्तीय वर्ष 2026 में अपनी 7% की संभावित वृद्धि दर हासिल करने में मदद मिलेगी।

# लग्जरियस सुविधाओं के साथ एग्जीबिशन रोड में खुला होटल एक्विला

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** द नेक्सस ग्रुप द्वारा संचालित एक्विला - होटल एंड कन्वेंशंस का शुभारंभ पटना के एग्जीबिशन रोड चौराहा स्थित सुशीला सदन में किया गया। सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण इस होटल का उद्घाटन मुख्य अतिथि एक्विला - होटल एंड कन्वेंशंस के ओनर कमांडर नीरद सिन्हा, डॉ. प्रो. मिथिलेश कुमारी, आरती कुमारी व द नेक्सस ग्रुप के फाउंडर व डायरेक्टर प्रणव कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। शुभारंभ के पश्चात मीडिया को संबोधित करते हुए द नेक्सस ग्रुप के फाउंडर व डायरेक्टर प्रणव कुमार ने कहा कि यह होटल अतिथियों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सभी सुविधाओं से परिपूर्ण है। यह होटल राजधानी के सभी मुख्य कॉरपोरेट कार्यालयों, सरकारी कार्यालयों, व्यावसायिक कार्यालयों एवं ऐतिहासिक धरोहरों के बेहद ही नजदीक है। द नेक्सस द्वारा संचालित यह होटल बैंक्वेट हॉल, एग्जीक्यूटिव, डीलक्स व प्रीमियम रूम्स, सहित अन्य सभी प्रकार की सुविधाओं से सुसज्जित है जिनमें फ्री पार्किंग, कम्प्लीमेंटरी ब्रेकफास्ट, हाई स्पीड वाई - फाई, इलेक्ट्रॉनिक सेफ, मिनी फ्रिज, टेलीफोन, बड़े वार्डोरोब, लगेज रैक, कॉफ़ी टेबल के साथ सोफा, टी - कॉफ़ी मेकर, टीवी मौजूद है। उन्होंने कहा कि हम ग्राहकों को अपने इस होटल के द्वारा एक नया एवं सुखद अनुभव प्रदान करने के लिए आमंत्रित करते हैं तथा सदैव उनके सहयोग की अपेक्षा करते हैं। इस अवसर पर होटल के सभी कर्मचारियों सहित शहर के कई गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे।

# पटना ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की जरूरतों के लिए रेमण्ड शो रूम का उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के कपड़ों की जरूरतों को पूरा करने के लिए रेमण्ड के शो रूम का उद्घाटन संपतचक बाजार में हुआ। उद्घाटन समाजसेवी शांतिलाल जैन, नमन कुमुद, महेश जैन, रणजीत कुमार एवं अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर महेश जैन ने बताया कि इस ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को उचित मूल्य पर ब्रांडेड कम्पनी का कपड़ा नही मिल पाता था। इसी उद्देश्य से रेमण्ड कम्पनी के सहयोग से रेमण्ड के कपड़े का शो रूम यहाँ खोला गया। यहां ग्रामीणों को उनकी पसंद का सभी प्रकार का कपड़ा उचित मूल्य पर उन्हें मिल पायेगा। मौके पर नमन कुमुद ने कहा कि इस रेमण्ड कंपनी में शो रूम के खुलने से ग्रामीणों में काफी खुशी है। अब उन्हें अच्छी क्वालिटी का कपड़ा उचित मूल्य पर यहां मिल सकेगा। मौके पर एम पी जैन सहित ओ पी अग्रवाल, अंकुर पाण्डे, मुकेश जैन, मनीष जैन, कल्पना जैन, ऋषभ जैन सहित काफी अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

## उत्कृष्ट कार्य के लिए संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किए रेलकर्मी



**खगौल।** मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर श्री जयंत कुमार चौधरी द्वारा संरक्षा की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले, रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में संभावित दुर्घटनाओं को रोकने एवं संरक्षा हेतु, उत्कृष्ट कार्य में विशेष योगदान देने वाले रेलकर्मी श्री बूटन को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया । श्री बूटन, टीएमजी ।। (कीमैन),आरा अपने कार्य के दौरान दिनांक 10.12.2024 को कारीसाथ-बिहियां के मध्य किलोमीटर संख्या 607/26-24 के पास रेल फ्रैक्चर को देखा । उन्होंने तुरन्त वहां आ रही गाड़ी संख्या 03226 को किलोमीटर संख्या 607/28 के पास लाल झंडी दिखाकर गाड़ी को रुकवाया । उक्त रेल फ्रैक्चर समय रहते देखा गया, जिससे होने वाली संभावित दुर्घटना को टाला जा सका । मौके पर मंडल रेल प्रबंधक ने पुरस्कृत हुए श्री बूटन की सजगता एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की ।

## गया जिले में चार प्रमुख पथों के सतह नवीनीकरण कार्य को मिली प्रशासनिक स्वीकृति : पथ निर्माण विभाग जल्द शुरू करेगा कार्य



**पटना।** गया जिले में सड़क संरचना के उन्नयन हेतु चार महत्वपूर्ण पथों के नवीनीकरण कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। पथ निर्माण विभाग द्वारा जल्द ही इन सड़कों के नवीनीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा। उप-मुख्यमंत्री-सह-पथ निर्माण मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि गया जिले में कुछ पथों के नवीनीकरण की आवश्यकता थाी, जिसे विभाग द्वारा चिन्हित कर नवीनीकरण कार्य हेतु प्रशासनिक स्वीकृति देदी गई है एवं नवीनीकरण का कार्य जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। माननीय उप-मुख्यमंत्री-सह- पथ निर्माण मंत्री ने यह भी बताया कि इन सड़कों के नवीनीकरण से न केवल गया शहर, बल्कि आस पास के क्षेत्रीय संपर्कों में भी व्यापक सुधार होगा। पथ प्रमंडल शेरघाटी अंतर्गत गया जिले में आमस-नौडिहा-कसमा पथ के 9.80 किमी लंबाई में सतह नवीकरण कार्य के लिए 436.05 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई है। इस कार्य के बाद रफीगंज, औरंगाबाद और गया के बीच यात्रा करना आमजन के लिए बेहतर हो जाएगा। इसी तरह, SH-69 पथ के पंचानपुर से सण्डा तक सतह नवीकरण कार्य के लिए 1250.38 लाख रुपये की योजना स्वीकृति दे दी गई है। इस पथ की कुल लंबाई 19.22 किमी है, जिसमें से संडा और कमालपुर ग्राम में RCC ड्रेनेज सिस्टम भी स्थापित किया जाएगा। इस नवीनीकरण कार्य से कुर्था, किंजर, पालीगंज और पटना आने-जाने में लोगों को बेहतर और सुरक्षित यातायात सुविधा मिलेगी। इसके अलावा, मऊ-कुरकुट-बीघा-उसासदे ओरा पथ का नवीकरण कार्य 985.98 लाख रुपये की योजना के तहत स्वीकृत किया गया है। इस पथ की कुल लंबाई 8.20 किमी है, और यह मऊ तथा उसासदे ओराबाजार के बीच आवागमन को बेहतर बनाएगा। इसके अतिरिक्त ददरेजी-आँती रफीगंज पथ में 10.90 किमी लंबाई में सतह नवीकरण कार्य के लिए 996.36 लाख रुपये की योजना स्वीकृत कर दी गई है। इस पथ के बनने से दाउदनगर, गया और रफीगंज के बीच आवागमन सुरक्षित और सुविधाजनक हो सकेगा।

## शेखपुरा में 112 डायल करते ही आपके पास पुलिस पहुंच जाएगी,पीड़ित के लिए हो रहा है वरदान साबित



**शेखपुरा।** जिले में 112 नंबर पर डायल करती ही पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंच रही है, जिससे आम जनता को बड़ी राहत मिल रही है। यह सेवा अब लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा बन गई है, क्योंकि वे किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत मदद प्राप्त कर सकते हैं। पुलिस की तत्परता और शीघ्रता से मौके पर पहुंचने से अपराधों और दुर्घटनाओं में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो रही है, जिससे अपराधों की रोकथाम में भी मदद मिल रही है। इस पहल ने शेखपुरा जिले में स्थानीय लोगों में सुरक्षा का अहसास बढ़ाया है और कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार किया है।शेखपुरा के एसपी, श्री बलिराम चौधरी ने इस व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि 112 नंबर की सेवा न केवल आम लोगों के लिए, बल्कि पुलिस विभाग के लिए भी एक बड़ा सहारा साबित हो रही है। इसके माध्यम से पुलिस अधिकारियों को घटनाओं की जानकारी समय रहते मिल जाती है, जिससे घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया की जा सकती है और जांच व अनुसंधान कार्यों में कोई विघ्न नहीं आता। यह सेवा अपराधों के समाधान में गति लाने के साथ-साथ पुलिस अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का सही तरीके से निर्वहन करने में मदद कर रही है। एसपी श्री बलिराम चौधरी ने यह भी बताया कि 112 नंबर की सेवा ने पुलिस विभाग की कार्यकुशलता में सुधार किया है और यह व्यवस्था शेखपुरा के निवासियों को अधिक सुरक्षित महसूस कराने में मददगार साबित हो रही है। अब लोगों को यह विश्वास हो चुका है कि उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है। 112 नंबर की सेवा ने ना केवल आम जनता के बीच विश्वास पैदा किया है, बल्कि पुलिस प्रशासन के कार्यों को भी एक नई दिशा दी है। इस व्यवस्था के सफल संचालन से शेखपुरा में अपराधों की रोकथाम और कानून-व्यवस्था की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

# भोला टाकीज एवं मुक्तापुर रेल गुमटी पर औभरब्रीज निर्माण कार्य शुरू हो- सुरेंद्र

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर।** भोला टाकीज, मुक्तापुर एवं दलसिंहसराय रेल गुमटी पर औभरब्रीज निर्माण कार्य शुरू करने की मांग को लेकर 12 दिसंबर को रेल विकास एवं विस्तार मंच के बैनर तले आहूत मुक्तापुर रेल गुमटी एवं समस्तीपुर स्टेशन चौक पर प्रदर्शन-सभा को बड़ी भागीदारी दिलाकर सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को भाकपा माले ने शहर के विभिन्न वार्डों में चलाया सघन जनसंपर्क अभियान। भाकपा माले के सुरेंद्र प्रसाद सिंह, प्रभात रंजन गुप्ता, मो० क्यूम, रामबली महतो, मो० सगीर, जयंत कुमार, दिनेश कुमार , रामचंद्र पासवान, जीबछ पासवान, उपेंद्र राय, संजीत पासवान, मो० परवेज, अरशद कमाल बबलू आदि के नेतृत्व में विभिन्न मुहल्ले एवं वार्डों का दौरा कर रेल विकास एवं विस्तार मंच एवं भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने उक्त कार्यक्रम को बड़ी भागीदारी दिलाकर सफल बनाने की अपील लोगों से मिलकर की मौके पर माले नेता सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि रेल विकास एवं विस्तार मंच उक्त मांगों को लेकर दो दशकों से अधिक समय से संघर्षरत है। जिलाधिकारी , डीआरएम के समक्ष धरना- प्रदर्शन समेत सैकड़ों आंदोलन हुए। दिल्ली जाकर सांसद से प्रतिनिधिमंडल मिला एवं रेलवे बोर्ड को ज्ञापन सौंपा गया। लेट लतीफ़ होने पर मंच के सदस्यों के पहले पर तत्कालीन सांसद प्रिंस राज लोकसभा में ध्यानाकर्षण प्रश्न पूछा तो बिहार विधानसभा में राज्य सरकार के यहां फाईल पेंडिंग पड़ रहने को लेकर समस्तीपुर विधायक अख्तरूल इस्लाम शाहीन ने प्रश्न किया। कई बार डीपीआर बना। कभी रेलवे ने तो कभी बिहार सरकार ने डीपीआर को बदलने की बात कही। अब जब बिहार कैबिनेट ने इसे पास कर अपना अंशदान के लिए तैयार हो गया तो काम को लटकाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में एक बार फिर रेल विकास एवं विस्तार मंच ने अनवरत आंदोलन चलाने का शंखनाद किया है और इसके प्रथम कड़ी के बतौर 12 दिसंबर को 11 बजे से मुक्तापुर रेल गुमटी पर प्रदर्शन-सभा शुरू होगा। तत्पश्चात मुक्तापुर रेल गुमटी से जुलूस निकालकर समस्तीपुर स्टेशन चौक पर प्रदर्शन-सभा का आयोजन किया जाएगा। माले नेताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर प्रदर्शन-सभा को सफल बनाने की अपील जिला वासियों से की है।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल, पटना रेफर

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद।** जिले में अनियंत्रित ट्रैफिक व्यवस्था और खराब सड़कों के कारण सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रतिदिन औसतन 3 से 5 सड़क दुर्घटनाओं की खबरें सामने आ रही हैं। ताजा मामला हुलासगंज थाना क्षेत्र का है। जहां चिरी गांव निवासी राजेश कुमार और उनका दोस्त सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर हालत में पटना रेफर किया गया। घटना उस समय हुई जब राजेश कुमार अपने दोस्त शंभू मिस्त्री के साथ ओकरी से अपने गांव चिरी लौट रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घटना की सूचना गांव वालों को दी। इसके बाद उन्हें तुरंत जहानाबाद सदर अस्पताल ले जाया गया। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें पटना के पी.एम.सी.एच रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार दोनों के सिर में गहरी चोटें आई हैं और उनकी स्थिति चिंताजनक बतायी जाती है। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रशासन की अनदेखी किया जा रहा हैं। जहानाबाद जिले में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या ने प्रशासन की ट्रैफिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों की खराब हालत और यातायात नियमों का पालन न होने की वजह से दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने और दुर्घटना संभावित इलाकों में सड़क मरम्मत और साइन बोर्ड लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो स्थिति और भयावह हो सकती है।

## गया-आनंद विहार एवं मुजफ्फरपुर-आनंद विहार स्पेशल के परिचालन के दिनों में कमी



नई सोच एक्सप्रेस

**हाजीपुर।** अपरिहार्य तकनीकी कारणों से गया एवं मुजफ्फरपुर से आनंद विहार के लिए चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन के दिनों में कमी कर चलाने का निर्णय लिया गया है । गाड़ी सं. 02397 गया-आनंद विहार स्पेशल - 11.12.2024 से 31.12.2024 तक सप्ताह में तीन दिन बुधवार, शुक्रवार एवं सोमवार को ही परिचालित किया जायेगा । गाड़ी सं. 02398 आनंद विहार-गया स्पेशल - 12.12.2024 से 01.01.2025 तक सप्ताह में तीन दिन गुरूवार, शनिवार एवं मंगलवार को ही परिचालित किया जायेगा । गाड़ी सं. 05283 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार स्पेशल - 14.12.2024 से 31.12.2024 तक सप्ताह में दो दिन मंगलवार एवं शुक्रवार को ही परिचालित किया जायेगा । गाड़ी सं. 05284 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर स्पेशल - 15.12.2024 से 01.01.2025 तक सप्ताह में दो दिन बुधवार एवं शनिवार को ही परिचालित किया जायेगा ।

# जदयू ने किया लालू यादव का पुतला दहन। महिलाओं के प्रति बयान पर विरोध तेज

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और महिलाओं पर दिए गए अशोभनीय बयान के खिलाफ जनता दल यूनाइटेड ने कड़ा विरोध जताया। इस कड़ी में आज जदयू महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष प्रमिला कुशवाहा के नेतृत्व में शहर के अंबेडकर चौक पर लालू यादव का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के बाद प्रमिला कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उनके प्रयासों ने बिहार की महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और प्रेरणादायक माहौल बनाया है। उन्होंने लालू यादव के बयान को न केवल अपमानजनक बताया बल्कि इसे महिलाओं के प्रति उनकी घटिया सोच का प्रतीक भी कहा। जदयू के जिलाध्यक्ष दिलीप कुशवाहा ने कहा कि लालू यादव के शासनकाल में महिलाएं भय के माहौल में जीती थीं। उन्होंने बताया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में महिलाएं आत्मविश्वास से भरकर साइकिल से स्कूल जा रही हैं और पंचायती राज के आरक्षण का लाभ उठाकर नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया आरक्षण महिलाओं को नौकरी और सम्मानजनक जीवन प्रदान कर रहा है। जदयू के नेता निरंजन केशव प्रिंस ने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उम्र के इस पड़ाव पर भी उनकी मानसिकता नहीं बदली है। उन्होंने कहा कि लालू यादव को अपने बयान के लिए सार्वजनिक मंच से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने लालू यादव पर तंज कसते हुए कहा कि अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए वह इतनी घटिया सोच रखेंगे इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। लालू यादव के बयान पर विरोध केवल जहानाबाद तक सीमित नहीं है। इस बयान को लेकर पूरे बिहार में राजनीतिक उबाल है। जदयू ने इसे महिलाओं के सम्मान पर हमला बताया है और मांग की है कि लालू यादव सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

लेट्स इंस्पायर बिहार
राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## 21वीं सदी की माँगों के लिए युवाओं को तैयार करना एक चुनौती



**आईपीएस विकास वैभव का कहना है कि विशाल युवा आबादी को देखते हुए सचेत होने का समय है, बिहार के स्कूलों में कक्षा 6 से उद्योग-प्रासंगिक कौशल विकास के लिए सप्ताह में एक दिन होना चाहिए। बिहार के शिक्षण संस्थानों को मात्र डिग्री जारी करने वाले संस्थानों से कौशल सृजनकर्ता के रूप में स्वयं को रूपांतरित करना होगा।**

नई सोच एक्सप्रेस

**[ बिहार के पिछड़ेपन में मुख्य भूमिका में एक कारक यह भी है कि आज़ादी के कई वर्षों के बाद तक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं की संख्या कम है। जिससे राज्य उच्च गुणवत्ता वाली पीढ़ी का निर्माण नहीं कर पाया। जो पीढ़ी, बिहार से बाहर जाकर शिक्षा ग्रहण की उनकी गुणवत्ता अन्य छात्रों से बेहतर रही। राज्य ने समय रहते अपने को सचेत नहीं किया। आने वाली पीढ़ियों को मजबूती प्रदान करने के लिए लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान बिहार में औद्योगिक कौशल के विकास के लिए गुणवत्ता वाली शिक्षण संस्थानों की वकालत करता है। जिससे न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से बल्कि सांस्कृतिक और सामरिक दृष्टिकोणों से युवाओं को आने वाले दशकों की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जा सके।**

] युवाओं को सशक्त बनाने के लिए और भविष्य की चुनौतियों का साहस से सामना करने के लिए उद्यमिता और नवाचार केंद्र की स्थापना के लिए बिहार को चिंतनशील होना होगा। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के स्टार्टएक्स (StartX) एवं उद्यमिता कार्यक्रमों जैसे सफल उदाहरणों के आधार पर बिहार के विश्वविद्यालयों में समर्पित उद्यमिता एवं नवाचार केंद्रों की स्थापना करने के विषय में सोचना शुरू कर देना होगा। ये केंद्र छात्रों और शिक्षकों को उनके नवोन्मेषी विचारों को सफल उद्यमों में बदलने के लिये मार्गदर्शन, वित्तपोषण के अवसर तथा सहायक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान कर सकते हैं। HCL TechBee कक्षा 12 के उन छात्रों की सहायता करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है जो सूचना प्रौद्योगिकी (IT) में कॅरियर बनाने में रुचि रखते हैं। अपने लेख के माध्यम से यह सुझाव देना चाहता हूं कि बिहार को सशक्त करने के लिए ऐसे ही उपायों को अपने शिक्षण संस्थानों में लागू करना चाहिए। हाल की रिपोर्टों ने भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में बढ़ते राजनीतिकरण की चिंताजनक प्रवृत्ति को भी उजागर किया है, जो अकादमिक स्वतंत्रता, बौद्धिक विमर्श और शिक्षा की समग्र गुणवत्ता के लिये गंभीर खतरा उत्पन्न करता है। उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्र नामांकन की संख्या वर्ष 2021-22 तक 4.33 करोड़ थी, जो वर्ष 2020-21 में 4.14 करोड़ और वर्ष 2014-15 में 3.42 करोड़ से उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाती है। उच्च शिक्षा में नामांकित महिलाओं की संख्या वर्ष 2021-22 तक 2.07 करोड़ थी, जो वर्ष 2014-15 में 1.5 करोड़ से 32% अधिक है। स्नातकोत्तर स्तर पर नामांकित महिलाओं का अनुपात सबसे अधिक (55.4%) देखा गया। दूसरे वर्ष से ही परियोजना आधारित शिक्षा, इंटर्नशिप और उद्योग सहयोग के माध्यम से रटन लर्निंग के बजाय व्यावहारिक कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करना होगा। विश्वविद्यालयों को सामाजिक विकास परियोजनाओं पर स्थानीय समुदायों के साथ काम करने के लिये प्रोत्साहित करना, छात्रों के बीच सामाजिक ज़िम्मेदारी एवं नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देना होगा। भारत में विभिन्न क्षेत्रों और राज्यों में उच्च शिक्षा संस्थानों का असमान विकास हुआ है। उदाहरण के लिये, दिल्ली, तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में प्रतिष्ठित संस्थानों की संख्या अधिक है, जबकि पूर्वोत्तर और मध्य क्षेत्रों के कई राज्य गुणवत्ता एवं अभिगम्यता के मामले में पिछड़े हुए हैं। खास तौर से, अभिगम्यता में उल्लेखनीय विस्तार के बावजूद गुणवत्ता, प्रासंगिकता और 21वीं सदी की माँगों के लिए युवाओं को तैयार करने की क्षमता के बारे में चिंताएँ बनी हुई हैं। जर्मनी के प्रशिक्षुता मॉडल के समान दोहरे अध्ययन कार्यक्रमों (Dual Study Programs) का चरणबद्ध कार्यान्वयन करना, जहाँ छात्र विश्वविद्यालयों में प्राप्त सैद्धांतिक शिक्षा को कंपनियों में व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ संयुक्त करते हैं। यह दृष्टिकोण उद्योग-प्रासंगिक कौशल विकास सुनिश्चित करता है और रोजगार-क्षमता को बढ़ाता है, साथ ही कंपनियों के लिये कुशल कार्यबल भी उपलब्धता सुनिश्चित करता है। यह भी तय है कि बिहार की बड़ी आबादी अगर निपुण हो गई तो भारत का भविष्य भी सुंदर होगा। राष्ट्र निर्माण में बिहार के युवाओं का योगदान महत्वपूर्ण साबित होने वाला है इसलिए, आईपीएस विकास वैभव अपने अवकाश के दिनों में बिहार के तमाम स्कूलों और विश्विद्यालयों में जाकर संवाद कर रहे हैं। इसका व्यापक प्रभाव युवाओं के मन मस्तिष्क पर हो रहा है बिहार के युवा राज्य और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

## रेडक्रॉस सोसाइटी ने आदिवासी बालिका कल्याण छात्रावास में गीजर तथा कम्बल किया वितरण



नई सोच एक्सप्रेस

**कटिहार।** बालिकाओं की प्राथमिक जिम्मेदारियों में से एक है,अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाना। बालिका को शिक्षित करने मे जरूरी सुविधा अत्यंत आवश्यक है। इसी के मद्देनज़र आज भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी कटिहार द्वारा आदिवासी बालिका कल्याण छात्रावास मे एक वाटर गीजर, सभी छात्राओं को कम्बल के साथ खाद्द्य सामग्री वितरण किया गया। श्री अनिल चमरिया ने कहा कि शिक्षा लड़कियों को सशक्त बनाती है, उन्हें सूचित निर्णय लेने, करियर बनाने और अपने समुदायों में योगदान देने के लिए ज्ञान और कौशल से लैस करती है। सचिव संतोष गुप्ता ने कहा कि चुकि छात्रावास मे बच्चियों को नहाने के एवं गर्म पानी का अभाव था इस वजह से वाटर गीजर लगाया गया। उन्होंने कहा कि श्री अनिल चमरिया एवं स्वर्ण चमरिया के वैवाहिक वर्षगाँठ के अवसर पर उनके सौजन्य से यह समान उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि इस मौके पर नेक कार्य करना उदाहरणीय है।इससे बच्चों मे भी सेवा भाव का विकास होता है। लड़कियों को अपनी पढ़ाई को गंभीरता से लेना चाहिए और उत्कृष्टता का लक्ष्य रखना चाहिए। उपाध्यक्ष डॉक्टर रंजना झा ने बच्चियों को स्वास्थ्य सम्बन्धी कई टिप्स दिये। सह-सचिव विवान सरकार, प्रबन्ध समिति सदस्य पुरुषोत्तम मोदी ने बताया कि पूर्व मे संतोष गुप्ता के सौजन्य से छात्रावास मे स्नानगार का निर्माण कराया गया है। उन्होंनें कहा कि संस्था द्वारा छात्रावास मे कई ऐसे कार्य किये गये है। इस मौके पर पेट्रोन स्वर्ण चमरिया, अनिमा अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, निर्मल सर्राफ के साथ छात्रावास के छाया तिवारी, मालती आदि उपस्थित थे।

# शेखपुरा डीएम आरिफ अहसन लगातार विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने गांव का कर रहे भ्रमण

नई सोच एक्सप्रेस

» डीएम के निर्देश पर विकास योजनाओं में आई गति



**शेखपुरा।** शेखपुरा के जिला पदाधिकारी, श्री आरिफ अहसन ने घाटकुसुम्भा प्रखंड के गगौर और माफो पंचायतों में पंचायत सशक्तिकरण के तहत अब तक किए गए कार्यों का गहन आकलन किया। इस दौरान, उन्होंने पहले इन दोनों पंचायतों में चयनित खेल मैदानों का निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से वहां बन रहे बास्केटबॉल और बैडमिंटन कोर्ट, रनिंग ट्रैक, और हाई जंप ट्रैक के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि खेल मैदानों को और अधिक आकर्षक बनाते हुए दर्शकों के बैठने के लिए भी सुलभ व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि क्षेत्रवासियों को खेलों का भरपूर लाभ मिल सके। इसके साथ ही, श्री अहसन ने गगौर पंचायत में निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि इस भवन का निर्माण मिशन मोड में पूरा किया जाए, ताकि पंचायत कार्यालयों की कार्यकुशलता में सुधार हो सके और जनता को बेहतर सेवाएं मिल सकें। साथ ही, श्री अहसन ने पंचायतों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने का भी निर्देश दिया। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत राज, श्रम विभाग, समेकित बाल विकास सेवाएं आदि शामिल हैं। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया कि इन योजनाओं का सही और समय पर क्रियान्वयन हो, ताकि गरीब और जरूरतमंद लोगों को अधिकतम लाभ मिल सके। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी के साथ श्री सियाराम सिंह, अपर समाहर्ता, श्री संजय कुमार, उप विकास आयुक्त शेखपुरा, और अन्य जिलास्तरीय एवं प्रखंडस्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इस समीक्षा बैठक ने यह स्पष्ट किया कि पंचायतों में विकास कार्यों को गति दी जा रही है और सरकारी योजनाओं का लाभ अब अधिकतम लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

## निवर्तमान प्रभारी उपाधीक्षक सुरेंद्र सिंह पर सिविल सर्जन के एजेंट के रूप में काम करने का लगा है आरोप

नई सोच एक्सप्रेस



» सुरेंद्र को प्रभारी उपाधीक्षक बनाया कई सवाल खड़ा हो रहा

**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल के उपाधीक्षक रहे डा. आशुतोष कुमार की जगह अस्पताल उपाधीक्षक का प्रभार लिए डा. सुरेंद्र कुमार सिंह पर सदर अस्पताल के चिकित्सकों के द्वारा सिविल सर्जन के एजेंट के रूप में कार्य करने का आरोप लगाया जा चुका है। इससे संबंधित एक पत्र राज्यपाल को भी इसी वर्ष के मार्च माह में समर्पित किया गया है। क्षेत्रीय अपन निर्देश स्वस्थ सेवाएं मगध प्रमंडल गया के द्वारा पत्रांक सं- 543/7/9/2024 के द्वारा राज्यपाल को दिए गए पत्र में इस बात का उल्लेख किया गया है कि जब सदर अस्पताल के चिकित्सक सिविल सर्जन के विरुद्ध हड़ताल पर थे तो इनके द्वारा सिविल सर्जन की तरफ से यह प्रस्ताव लाया गया था कि क्यों न सिविल सर्जन को पैसा देकर मामले का समाधान कर लेते हैं। यह मामला स्वास्थ्य विभाग के विभागीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के यहां प्रक्रियाधीन है। बावजूद सदर अस्पताल का प्रभारी उपाधीक्षक बनाया जाना कई सवाल खड़ा कर रहा हैं और वह भी तब जब इनसे सीनियर कई चिकित्सक सदर अस्पताल में सेवा भी दे रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### वेदांता सऊदी अरब में कॉपर प्लांट के लिए क्यों कर रहा है 2 बिलियन डॉलर का निवेश

**पटना।** पिछले सप्ताह वेदांता लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व की सब्सिडरी वेदांता कॉपर इंटरनेशनल ने सऊदी अरब गणराज्य के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत इसने कॉपर प्रोजेक्ट्स की स्थापना के लिए 2 बिलियन डॉलर के निवेश की योजनाएं बनाई हैं। इस परियोजना में 400,000 टन सालाना ग्रीनफील्ड कॉपर स्मेल्टर एवं रिफाइनरी तथा 300,000 टन सालाना कॉपर रॉड परियोजना शामिल हैं। वर्तमान में गणराज्य में कॉपर की मांग 365,000 टन प्रतिवर्ष है, जो मुख्य रूप से आयात द्वारा ही पूरी की जाती है। धातु की मांग बढ़ने के साथ, सऊदी अरब में वेदांता की कॉपर युनिट आयात को कम करने में योगदान देगी। कॉपर स्मेल्टर कच्चे कॉपर अयस्क को रिफाइन्ड धातु में बदलेगी, वहीं रिफाइनरी इसमें से अशुद्धियों को निकाल कर ओद्यौगिक उपयोग के लिए उच्च गुणवत्ता कॉपर का उत्पादन करेगी। कॉपर रॉड प्लांट रिफाइन्ड कॉपर को रॉड्स में बदलेगा, जिसका इस्तेमाल केबल्स एवं अन्य उत्पादों में किया जा सकता है। सऊदी अरब का लाभ भारत के लिए नुकसान है। मध्य पूर्व में कॉपर संचालन स्थापित करने की घोषणा से पहले वेदांता तमिलनाडु के टुटिकोरिन में कॉपर प्लांट चलाती थी। अपनी चरम क्षमता पर, वेदांता का स्टरलाईट कॉपर प्लांट सालाना 400,000 टन कॉपर का उत्पादन करता था, जो भारत में कॉपर की 40 फीसदी ज़रूरतों को पूरा करने में सक्षम था। कंपनी ने धातु की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए विस्तार की योजनाएं भी बनाई थीं। हालांकि स्टरलाईट कॉपर विवाद में आ गया और कई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के चलते प्लांट को बंद करना पड़ा। इसका सीधा असर वेदांता की कमाई तथा 30,000 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष नौकरियों पर पड़ा। प्लांट के बंद होने से मात्र एक वित्तीय वर्ष में भारत अगले निर्यातक के बजाए कॉपर का शुद्ध आयातक बन गया। वित्तीय वर्ष 18 में भारत का शुद्ध कॉपर निर्यात 180,000 टन था, वहीं कंपनी वित्तीय वर्ष 19 में 283,000 टन की शुद्ध आयातक बन गई। वित्तीय वर्ष 23 में सकल आयात 275,000 टन रहा और निर्यात कम होकर मात्र 61,000 टन पर पहुंच गया।

### ऋषिकेश में आईएचसीएल का गेटवे होटल



**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी हॉस्पिटैलिटी कंपनी, इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) ने उत्तराखंड के ऋषिकेश में होटल साइन करने की घोषणा की है। यह ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट गेटवे ब्रांडेड होगा। सुश्री सुमा वेंकटेश, एग्जीक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट, रियल एस्टेट एंड डेवलपमेंट ने कहा,"ऋषिकेश में बुनियादी सुविधाओं और कनेक्टिविटी में सुधार की बदौलत सांस्कृतिक और साहसिक टूरिज़्म में वृद्धि हो रही है। इस होटल को साइन करके आईएचसीएल री-इमैजिन्ड गेटवे ब्रांड को लाकर ऋषिकेश में अपनी मौजूदगी को और भी मज़बूत कर रही है। इस प्रोजेक्ट के लिए श्री महानंद शर्मा के साथ हाथ मिलाकर हम बहुत खुश हैं।" 6 एकड़ पर फैले हुए, 125 कमरों के गेटवे ऋषिकेश से गंगा नदी और आसपास के घाटों का विहंगम दृश्य दिखता है। ऑल-डे डाइनर, स्पेशलिटी रेस्टोरेंट और बार यहां है। स्पा, पूल और आधुनिक जिम में मेहमान रिलैक्स कर सकते हैं। रिसॉर्ट के 8000 स्क्वायर फ़ीट से भी बड़े बैंक्वेट हॉल में इस क्षेत्र की बढ़ती हुई माइस मांग पूरी की जाएगी। श्री महानंद शर्मा ने कहा,"आईएचसीएल के साथ हाथ मिलाकर हम बहुत खुश हैं। छुट्टियां बिताने, आराम करने के लिए बेहतरीन डेस्टिनेशन के रूप में ऋषिकेश की लोकप्रियता बढ़ाकर, यह रिसॉर्ट एक अनोखा अनुभव प्रदान करेगा।" 'विश्व की योग राजधानी' के रूप में मशहूर ऋषिकेश आध्यात्मिकता, स्वास्थ्य और रोमांच का एक समृद्ध मिलाप है। यह डेस्टिनेशन चार धाम तीर्थयात्रा सर्किट का प्रवेश द्वार माना जाता है और लक्ष्मण झूला, त्रिवेणी घाट और नीलकंठ महादेव मंदिर सहित कई बढ़िया स्थान यहां हैं। इस होटल के जुड़ने से आईएचसीएल के पास उत्तराखंड में कुल 16 होटल हो जाएंगे, जिनमें से 6 का काम चल रहा है।

### काइनेटिक ग्रीन ने जियोथिंग्स लिमिटेड के साथ साझेदारी की



**पटना।** काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड, भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर निर्माता कंपनी, ने जियोथिंग्स लिमिटेड के साथ एक नई और महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है। जियोथिंग्स, जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड की सहायक कंपनी और रिलायंस ग्रुप का हिस्सा है। यह सहयोग टिकाऊ परिवहन के समाधान को बढ़ावा देने और इलेक्ट्रिक वाहनों में यूजर अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। काइनेटिक ग्रीन की को-फाउंडर और सीईओ सुश्री सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा, जियोथिंग्स के साथ हमारा गठबंधन यह दिखाता है कि हम इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए उन्नत टेक्नोलॉजी, नवाचार और पर्यावरण की स्थिरता के लिए कितने प्रतिबद्ध हैं। इस साझेदारी के जरिए हम अपने यूजर्स को ऐसा अनुभव देना चाहते हैं जो तकनीकी रूप से उन्नत हो, और जिसमें शानदार कनेक्टिविटी, स्मार्ट फीचर्स, सुरक्षा और बेहतरीन सुविधा शामिल हो। हम एआई-आधारित ड्राइवर इंफॉर्मेशन और राइड असिस्टेन्स जैसी भविष्य की सुविधाओं पर भी काम करते रहेंगे। हमारा लक्ष्य है कि काइनेटिक ग्रीन के ईवी उत्पादों में सबसे आधुनिक तकनीक सुनिश्चित हो, ताकि हर राइड को और भी स्मार्ट और सुरक्षित बनाया जा सके। जियो प्लेटफॉमर्स लिमिटेड के प्रेसिडेंट श्री आशीष लोढ़ा ने कहा, हम काइनेटिक ग्रीन के साथ इस साझेदारी की घोषणा करते हुए बेहद खुश हैं। यह भागीदारी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए नए और पर्यावरण के अनुकूल समाधान लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य है कि हम साथ मिलकर भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को और बढ़ावा दें और पर्यावरण संरक्षण के साथ एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें। इस भागीदारी के तहत, काइनेटिक ग्रीन ने अपने इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर प्लेटफॉर्म्स के लिए स्मार्ट टीएफटी-बेस्ड डिजिटल और कनेक्टेड डिस्प्ले प्लेटफॉर्म पेश किया है। यह प्लेटफॉर्म न केवल राइडिंग अनुभव को पूरी तरह से बदलने के लिए तैयार है, बल्कि इसमें एडवांस फीचर्स भी शामिल हैं, जैसे- रियल-टाइम नेविगेशन, जिससे राइडर्स हर समय सही रास्ते पर रहें, इनकमिंग कॉल नोटिफिकेशन, जिससे महत्वपूर्ण कॉल्स मिस न हों और नजदीकी चार्जिंग स्टेशन्स की जानकारी, जिससे वाहन चार्जिंग से जुड़ी किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### पुवाल में लगी आग



**सुगौली।** प्रखंड क्षेत्र के सुगांव विद्यालय के समीप पुवाल में आग लग जाने से लोगों में अफरा तफरी मची गई । जहां इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची जहां आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन वाहन को बुलाया गया जिसके बाद आग पर काबू बता पाया गया। जानकारी के अनुसार एन एच के किनारे लोगों द्वारा पशुओं के लिए पुवाल खिलाने के लिए ढेर लगा कर रखा गया था। उसमें अचानक आग लग गई।जिससे कई किसानों का पुवाल जल कर राख हो गया। आग लगने का कारण पता नही चल पाया है

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस नोबल पीस अवार्ड से सम्मनित हुए पीआरओ ब्रजेश मेहर

नई सोच एक्सप्रेस



**मुंबई।** डीपीआईएएफ ग्रुप इंडिया और दुबई द्वारा तीसरा मुंबई पुलिस आइकन अचीवर अवॉर्ड 2024 और नेताजी सुभाष चंद्र बोस नोबल पीस अवार्ड का आयोजन किया गया। भारतीय फिल्म और मनोरंजन जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले फिल्म प्रचारक ब्रजेश मेहर को नेताजी सुभाष चंद्र बोस नोबल पीस अवार्ड से सम्मानित किया गया। 9 दिसंबर की शाम को इस शो में कई जाने माने लोगों को सम्मानित किया गया है। इस समारोह का आयोजन डीपीआईएएफ के संस्थापक कल्याणजी जाना एवं अंकित बाबुलकर जाना द्वारा पिछले कई सालों से किया जा रहा है। शो के आयोजक कल्याणजी जाना एवं अंकित बाबुलकर जाना ने पुलिस विभाग और सामाजिक क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह अवार्ड शो का आयोजन करते आ रहे हैं। पिछले कई वर्षों से मीडिया जगत से जुड़े फिल्म प्रचारक ब्रजेश मेहर को सहायक पुलिस आयुक्त राजभवन सेक्रेटरी महाराष्ट्र रिहाना शेख, सहज मीडिया एंटरटेनमेंट इंडिया एवं दुबई अध्यक्ष नगमा खान, डीपीआईएएफ के नेशनल अध्यक्ष महिला एवं एक्ट्रेस अंकिता बांबुलकर जाना, जय भीम बसनिक, सोशल वर्कर युवा नेता गौरव अनिल शाह के हाथों से पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौके पर ब्रजेश मेहर ने कहा कि कल्याणजी जाना ने मुझे इस सम्मान के काबिल समझा इस के लिए में उनका तहेदिल से धन्यवाद करता हूँ। इस पुरस्कार के संस्थापक कल्याणजी जाना ने कहा कि ये मेरे लिए सम्मान की बात है जो मैं इन सभी महविभूतियों को सम्मानित कर पा रहा है। ये इन सभी का सहयोग है जो मैं इस तरह का पुरस्कार समारोह कर पा रहा है। इससे पहले भी ब्रजेश मेहर को कई पुरस्कारों से सम्मनित किया जा चुका है। इस साल का ये ब्रजेश को मिला 6 अवार्ड है। इस बार समारोह में पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी, स्पेशल आईजी महाराष्ट्र मोहन राठौर, मुंबई बीजेपी सेक्रेटरी विनोद शेलर, सीनियर कामगार नेता एवं मुंबई बीजेपी पार्टी के उपाध्यक्ष अभिजीत राणे, कामगार नेता एवं अध्यक्ष केके ग्रुप खालिद खान, सहायक पुलिस आयुक्त मॉरल सुरेखा बाबूराव कपिल, सहायक पुलिस आयुक्त राज भवन सेक्रेटरी रिहाना शेख, एपी बांगुर नगर पुलिस चौकी विवेक तांबे, सोशल वर्कर राम कुमार पाल, जकरिया लकड़ावाला, साजिद पटेल, सहज मीडिया एंटरटेनमेंट इंडिया एवं दुबई के अध्यक्ष नगमा खान जी, सॉस नाइट लाइफ के अध्यक्ष चांद सेठ जी, एक्टर अली खान जी, पूर्व नगरसेवक श्री सुनील कोहली जी, एक्टर विकास मोहिते जी, उप-प्राचार्य मरोल पुलिस प्रशिक्षण केंद्र रविंद्र दलवी , अंधेरी(पूर्व),सहायक पुलिस आयुक्त नीलकंठ दामोदर पाटिल, पॉलिटिकल लीडर, बिजनेसमैन शोएब खान, सोशल वर्कर, युवा लीडर गौरव अनिल शाह, फिल्म निर्माता विपुल शाह सहित कई दिग्गजॉन ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आपको बता दें कि कल्याणजी जाना अब जनवरी 2025 में दुबई में दूसरा भारत गौरव आइकन अवार्ड इंटरनेशनल, दूसरा दुबई ऐंड भारत इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्ड और भारत ऐंड यूएई इंटरनेशनल कल्चरल फैशन शो करने जा रहे हैं। जिसके लिए उन्होंने अभी से तैयारियां शुरू कर दी।

## मोतिहारी SP स्वर्ण प्रभात ने 60 पुलिस कर्मियों का वेतन रोका, 2 ASI निलंबित



नई सोच एक्सप्रेस

**मोतीहारी।** पूर्वी चंपारण के पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात पूरे एक्शन मोड में हैं। एसपी ने कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर नगर थाना के इंस्पेक्टर से लेकर सिपाही तक सभी कर्मियों का वेतन रोक दिया है। वहीं नगर थाना के अपर थानाध्यक्ष समेत हरपुर थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया है। मंगलवार को क्राइम मीटिंग के दौरान समीक्षा बैठक में एसपी ने नगर थाना के सभी कर्मियों की कार्यशैली के प्रति नाराजगी व्यक्त की, इसके साथ ही सभी के वेतन को रोक दिया, एसपी के इस कार्रवाई के बाद जिला पुलिस में हड़कंप मच गया।एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि, क्राइम मीटिंग के दौरान सभी थाना के कार्यों की समीक्षा की गई, समीक्षा के दौरान नगर थाना के सभी कर्मियों की लापरवाही सामने आई, वारंटी की गिरफ्तारी कुर्की और इश्तेहार के निष्पादन में कर्त्तव्यहीनता के आरोप में नगर थाना के थानाध्यक्ष से लेकर सिपाही तक सभी 60 कर्मियों के वेतन को रोक दिया गया है। ''सभी को शोकॉज किया गया है, इसके साथ इनपर विभागीय कार्रवाई की जाएगी, हरपुर थानाध्यक्ष को शराब कानून को क्रियान्वयन में लापरवाही को लेकर निलंबित किया गया है। दरअसल, पिछले दिनों चले एस ड्राइव में नगर थाना के कर्मियों की लापरवाही सामने आई थीः- स्वर्ण प्रभात, एसपी, पूर्वी चंपारण एसपी स्वर्ण प्रभात ने नगर थाना के अपर थानाध्यक्ष रविराज को कार्य में लापरवाही के लिए निलंबित किया है। इसके अलावा हरपुर थानाध्यक्ष पुअनि विश्वजीत कुमार को एसपी ने निलंबित कर दिया है और बंजरिया थाना में पदस्थापित अपर थानाध्यक्ष किशन पासवान को हरपुर थाना का थानाध्यक्ष बनाया है।

## रेलवे बोर्ड की अनुशंसा पर गया और सासाराम के आरपीएफ इंस्पेक्टर अजय प्रकाश व संजीव कुमार किए जाएंगे पुरस्कृत

नई सोच एक्सप्रेस




**गया।** नौकरियों में रिवॉर्ड का बड़ा महत्व होता है। विशेषकर परिस्थितियां जब प्रतिकूल हो और उसमें यदि आप बेहतर कार्य कर लेते हैं तो प्रशासन की नजरों में जब सम्मान भेंट करने की भावना जागृत हो जाती है तो यह बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जाती है और इस तरह की उपलब्धि हासिल की है गया जंक्शन के आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश और सासाराम पोस्ट प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार और उनकी टीम ने। रेलवे बोर्ड ने इंस्पेक्टर अजय प्रकाश, संजीव कुमार सहित तेज तर्रार सब-इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद सहित कई हेड कॉन्स्टेबल और आरक्षी को उनके बेहतर और अच्छे कार्य के लिए रिवॉर्ड देने की अनुशंसा की है। रेलवे बोर्ड ने पूर्व मध्य रेल के मुख्य सुरक्षा आयुक्त को रिवॉर्ड की अनुशंसा पत्र प्रेषित किया है। जिसमें गया आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश, सासाराम पोस्ट प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार, गया पोस्ट पर तैनात उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद, उपनिरीक्षक अजय तिग्गा, प्रधान आरक्षी संतोष कुमार सिंह, रमेश चंद्र राम, आरक्षी आलोक कुमार सक्सेना, अमित कुमार, शशि शेखर, विकास कुमार, एसआईबी के आरक्षी प्रवीण कुमार मिश्रा का नाम शामिल है। इसके अलावा सासाराम आरपीएफ पोस्ट पर तैनात उपनिरीक्षक दीपेंद्र सिंह राणावत, प्रधान आरक्षी भुवनेश्वर राय एवं शशि कुमार का भी नाम शामिल है। डीडीयू मंडल के गया और सासाराम आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक क्रमशः अजय प्रकाश एवं संजीव कुमार सहित उनकी टीम को नकद राशि से भी पुरस्कृत करने की अनुशंसा की गई है। इस संबंध में डीडीयू मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी. राज ने उक्त आशय की जानकारी दी है।

# ब्रिक्स राइटर्स और जर्नलिस्ट फोरम ने लिखा राष्ट्रपति को पत्र

नई सोच एक्सप्रेस

**» शती साहित्यकार रामदरश मिश्र के लिए की पद्मश्री की मांग**

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स राइटर्स और जर्नलिस्ट फोरम ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर शती साहित्यकार रामदरश मिश्र के लिए की पद्मश्री की मांग की है । ज्ञात हो शती साहित्यकार रामदरश मिश्र भारत के एकमात्र जीवित साहित्यकार है जिन्होंने शिक्षक, कवि, कथाकार,समीक्षक, गजलकार, निबंधकार" के रूप में पिछले पिचहत्तर वर्षों से अपनी कलम से साहित्य की निरंतर सेवा की है और कर रहे हैं। 1924 में उत्तर प्रदेश के छोटे से गांव में जन्मे जन्मे,हिंदी साहित्य के शिखर पुरुष प्रोफेसर रामदरश मिश्र ने अपनी कलम से पराधीन भारत से लेकर इक्कीसवीं शताब्दी के स्वतंत्र भारत तक के कालखंड को अपने साहित्य में अभिव्यक्त किया है। कवि, लेखक और आलोचक मिश्र जी की रचनाओं में उनकी ग्रामीण पृष्ठभूमि और परिवेश जीवंत हो उठते हैं। टेक्नोलॉजी के अभाव से टेक्नो युग तक, उनकी रचनाशीलता अविरल बहती रही है। वे महत्वाकांक्षाओं की मृग मरीचिका में न फँसते हुए धीरे-धीरे सहज जीवन जीना ही आदर्श मानते हैं। हिंदी के इस शीर्ष लेखक का अपने शताब्दी वर्ष में उपस्थित होना, साहित्य जगत के लिए ऐतिहासिक गौरव का क्षण है।"ब्रिक्स राइटर्स और जर्नलिस्ट फोरम के अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार सुधांशु ने कहा कि रामदरश मिश्र भारत के लिए धरोहर है ,न केवल रचनात्मकता के लिए बल्कि अपनी जीवटता के लिए भी । उन्होंने अपनी रचना यात्रा कविता से शुरू की किंतु कहानी और उपन्यास के क्षेत्र में भी उनकी उपस्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। छठे और सातवें दशक में मिश्र जी का प्रथम कविता संग्रह 'पथ के गीत'(1951), प्रथम उपन्यास पानी के प्राचीर (1961) और पहला कहानी संग्रह 'खाली घर' (1968) प्रकाशित होते हैं। रामदरश मिश्र मूलतः अभिशप्त जीवन के पक्षधर लेखक हैं। इनके लेखन में नारी और दलित यातना के अनेक आयाम सहज रूप से मूर्त हुए हैं। ऐसे साहित्यकार को यदि पद्मश्री दिया जाता है तो सम्पूर्ण साहित्य जगत के साथ साथ उन साहित्यकारों को बल मिलेगा जो कि बिना पैरोकार के सरोकारों से भरा साहित्य रच रहे हैं। हमारा संगठन लगातार उन पर केंद्रित कार्यक्रम का हिस्सा बनने में लगा है। जल्द ही हम भी उनके साहित्य पर केंद्रित कार्यक्रम करेंगे। मिश्र जी किसी भी वाद से न जुड़कर अपने समय की चेतना के प्रवाह के साथ स्वतः ही चलते रहे। ब्रिक्स राइटर्स और जर्नलिस्ट फोरम ने पहले भारत सरकार और अब राष्ट्रपति को चिट्ठी लिख कर उनको पद्मश्री पुरस्कार दिए जाने की हैं। अध्यक्ष अनिरुद्ध सुधांशु ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री कार्यालय को चिट्ठी लिख कर इस बाबत अनुरोध पत्र भेज दिया था अब हमने माननीय राष्ट्रपति महोदय को इस बाबत चिट्ठी लिखी है उम्मीद करते हैं कि इस बावत कोई सूचना जल्द जारी हो। सचिव लवकुश गुप्ता ने कहा कि हम उनके समर्थन में हस्ताक्षर अभियान भी चलाएंगे और उसको प्रधामंत्री और राष्ट्रपति कार्यालय को भी अग्रेषित करेंगे। साहित्यकार का सम्मान केवल साहित्यकार का नही बल्कि पाठक का भी सम्मान होता है। उम्मीद है सरकार और राष्ट्रपति हमारी मांगो पर जरूर ध्यान देंगे।

## इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टिट्यूट (इंडिया) लिमिटेड का 4,225 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024 को खुलेगा

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (इंडिया) लिमिटेड (आईजीआई या कंपनी) का 4,225 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024 को खुलेगा। इक्विटी शेयरों (प्रत्येक 2 रुपये का अंकित मूल्य) का कुल ऑफर साइज़ 42,250 मिलियन रुपये 4,225 करोड़ रुपये, तक है, जिसमें 14,750 मिलियन रुपये 1,475 करोड़ रुपये, तक का नया निर्गम और 27,500 मिलियन रुपये 2,750 करोड़ रुपये, तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है (कुल प्रस्ताव आकार)। इश्यू का प्राइस बैंड 397 रुपये से 417 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है (मूल्य बैंड)। ब्लैकस्टोन के हैड ऑफ प्राइवेट इक्विटी एशिया अमित दीक्षित ने कहा हमें विकास के इस अगले अध्याय में आईजीआई का समर्थन करने पर बहुत गर्व है। यह कंपनी की पहुंच और पेशकशों का विस्तार करने और सर्टिफिकेशन का वन-स्टॉप प्रोवाइडर बनने में मदद करके की उपस्थिति और संचालन को मजबूत करने के हमारे निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। जब हमने दो साल पहले पहली बार कंपनी में निवेश किया था, तो हमें पता था कि सही संसाधनों और पहुंच के साथ तेहमास्प के नेतृत्व में इसमें जबरदस्त संभावनाएं हैं। हम प्रबंधन टीम के साथ साझेदारी करना जारी रखेंगे और प्ळप् में भारी निवेश करते रहेंगे, जिससे इसकी बाजार अग्रणी स्थिति मजबूत होगी। आईजीआई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तहमास्प प्रिंटर ने कहा यह आईजीआई के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। शुरुआत से ही, हमारा लक्ष्य इस व्यवसाय को वैश्विक नेतृत्व में विकसित करना है। हम भारत में सबसे पहले आगे आए हैं। हमने विकास की अपार संभावनाओं वाले उद्योग में मजबूत विशेषज्ञता के साथ इनोवेशन का प्रदर्शन किया है। हम ब्लैकस्टोन के समर्थन के साथ यहां हैं और 50 साल पुरानी वैश्विक कंपनी का भारत में सार्वजनिक निर्गम लाने के लिए उत्साहित हैं। एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी प्राइवेट लिमिटेड और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ऑफर के बुक रनिंग लीड मैनेजर (बीआरएलएम) हैं। यहां उपयोग किए गए सभी बड़े अक्षरों वाले शब्द, लेकिन परिभाषित नहीं किए गए, उनका वही अर्थ होगा जो आरएचपी में उन्हें दिया गया है।

## एसपी सहित कई अधिकारियों ने किया स्थल का निरीक्षक

नई सोच एक्सप्रेस



**सुगौली।** प्रखंड के उत्तरी सुगांव पंचायत के सुगांव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संभावित आगमन को लेकर अधिकारियों का तीसरे दिन दौरा हुआ। कार्यक्रम स्थल पर एसपी स्वर्ण प्रभात, मोतिहारी एसडीएम श्वेता भारती,रक्सौल एसडीएम शिवाक्षी दीक्षित, मोतिहारी नगर आयुक्त सौरभ सुमन सहित अन्य अधिकारीयो ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिय साथ ही कार्यक्रम स्थल का कार्य जोरों पर चल रही है। उक्त स्थल पर किसी तरह की कोई दिक्कत नही हो।इसको लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री के संवाद करने को लेकर जीविका दीदी के सदस्यों से बातचीत की गई। साफ सफाई का निर्देश मुखिया रंजीत झा को दिया गया। विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई। सूबे में सबसे पहला जीविका भवन का निर्माण उतरी सुगांव पंचायत के सुगांव में हुआ हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को ले मुखिया को विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के समय किसी तरह की कोई समस्या नही हो। इसके लिए पूर्व से ही पूरी तैयारी करने में जुट गए है। मुख्यमंत्री को लेकर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया जल्द से जल्द जो भी कार्य करना है उसे पूरा किया जाए साथ ही कार्यस्थल पर कोई समस्या नहीं रहे इससे भी निर्देशित किया गया। इस निरीक्षण के समय बीडीओ नूतन किरण,सीओ कुंदन कुमार,पीओ सतीश कुमार सभी विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## टीवीएस मोटर कंपनी ने किया नेक्स्ट जैन टीवीएस आरटी-एक्सडी4 इंजन प्लेटफॉर्म का अनावरण

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** दुनिया भर में दोपहिया और तिपहिया वाहनों के निर्माण में सक्रिय जानी-मानी ऑटोनिर्माता टीवीएस मोटर कंपनी (टीवएसएम) ने टीवीएस मोटोसॉल 4.0 के पहले दिन नेक्स्ट-जैन टीवीएस आरटी-एक्सडी4 इंजन प्लेटफॉर्म का अनावरण किया। टीवीएस आरटी-एक्सडी4 नया बदलावकारी इनोवेशन है जो कंपनी की दशकों की रेसिंग की धरोहर से प्रेरित है। यह प्लेटफॉर्म बेहद आरामदायक राईड के लिए रोमांचक परफोर्मेन्स, बेजोड़ दक्षता और सटीकता देता है। सुदर्शन वेनु, मैनेजिंग डायरेक्टर, टीवीएस मोटर कंपनी ने कहा, टीवीएस आरटी-एक्सडी4 एक बड़ी उपलब्धि है, जो टीवीएस के अनूठे और बेजोड़ राइडिंग अनुभव के निर्माण पर हमारे फोकस का परिणाम है। होसुर में हमारे आर एण्ड डी सेंटर में इन-हाउस डिज़ाइन एवं विकसित की गई यह अवधारणा टीवीएस आरटी-एक्सडी4 हमारी इंजीनियरिंग और रीसर्च क्षमता का प्रदर्शन है। पिछले कई सालों में टीवीएसएम ने रेस के मैदान पर एक्सपोज़र, यूज़र्स के रूझानों, निवेश तथा सशक्त टेक एवं डिजिटल क्षमता के साथ राइडिंग में उत्कृष्टता के बेंचमार्क स्थापित किए हैं। आने वाले समय में हम मोबिलिटी के ऐसे समाधान लाते रहेंगे जो दुनिया भर में लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार ला सकें। विमल सुंबली, हैड बिज़नेस- प्रीमियम, टीवीएस मोटर कंपनी ने कहा, टीवीएस मोटोसॉल 4.0 हमारे हर कार्य का जश्न है, एक प्रीमियम मोटरसाइकल ब्राण्ड के रूप में हमारी रचनात्मकता, इनोवेशन और राइडर की भावना को दर्शाता है। इंजन प्लेटफॉर्म का शानदार परफोर्मेन्स विभिन्न संस्कृतियों, बाइकर समुदायों और कला रूपों के संयोजन के साथ इस साल के आयोजन को खास बनाता है। उद्योग जगत के कुछ सर्वश्रेष्ठ बिल्डर्स की ओर से कस्टम मोटरसाइकलों का प्रदर्शन अपने आप में बेहतरीन है। रोमांचक गतिविधियों, रोचक रेसिंग फोर्मेट और शानदार परफोर्मेन्सेज़ के साथ मोटोसॉल 4.0 ने मोटरसाइक्लिंग इवेंट्स के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। रोमांच को बढ़ाते हुए टीवीएस मोटोसॉल 4.0 ने टीवीएस एनटीओआरक्यू के साथ गोल्डन क्वाड्रीलेटरल पर 6300 किलोमीटर की रिकॉर्ड तोड़ राईड का जश्न मनाया। दो राइडरों सैयद आसिफ अली और शमीन खान ने इस उपलब्धि के लिए एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करा लिया है। पूरा दिन रोमांचक अनुभवों से भरपूर रहा, जहां पैनल चर्चाओं, फ्रीस्टाइल एक्ट, इंटरैक्टिव ज़ोन और कलमकार एवं डीजे अख्तर और क्लीमेंट के परफोर्मेन्स ने फेस्टिवल को यादगार बना दिया।

## रोजगार ढूंढना बड़ी चुनौती

हर साल 15 लाख इंजीनियरिंग छात्र जॉब मार्केट में आते हैं। लेकिन रोजगार ढूंढना उनके लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। चुनौतियों के स्पष्ट होने और इन पर कई वर्षों से चर्चा जारी होने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। भारत में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले सिर्फ 10 फीसदी नौजवानों को सिक्योर जॉब मिलने की संभावना रह गई है। वैसे इंजीनियरिंग स्नातक केवल 60 प्रतिशत हैं, जिन्हें आज बाजार में रोजगार पाने लायक समझा जाता है। केवल उद्योग जगत की बात करें, तो ऐसे स्नातकों की संख्या महज 45 फीसदी है। भारत में इंजीनियरिंग की पढ़ाई और उससे प्रशिक्षित होकर निकले इंजीनियरिंग स्नातकों की बदहाली की ये कहानी मानव संसाधन क्षेत्र की एजेंसी टीमलीज की ताजा रिपोर्ट से सामने आई है। उसके मुताबिक इस बदहाली का प्रमुख कारण इंजीनियरिंग स्नातकों में आज के तकाजे के अनुरूप कौशल का अभाव है। भारत में हर साल 15 लाख छात्र इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर जॉब मार्केट में आते हैं। लेकिन रोजगार ढूंढना धीरे-धीरे उनके लिए एक बड़ी चुनौती बनता गया है। दुखद यह है कि संबंधित चुनौतियों के स्पष्ट होने और इन पर कई वर्षों से चर्चा जारी होने के बावजूद स्थिति में सुधार की कोई गुंजाइश नहीं बनी है। रिपोर्ट में उचित ही इस ओर ध्यान खींचा गया है कि लंबे समय से इंजीनियरिंग शिक्षा भारत के विकास की बुनियाद रही है। इसीलिए नौजवानों के लिए करियर का यह पसंदीदा विकल्प रही। देश में बुनियादी ढांचे के विकास एवं सकल प्रगति को आकार में इंजीनियरों की प्रमुख भूमिका रही है। लेकिन अब हालत बदल चुकी है। तकनीकी उन्नति जिस दिशा में हुई, भारत की इंजीनियरिंग शिक्षा को उसके अनुरूप विकसित नहीं किया गया। नतीजा अब भुगतना पड़ रहा है। नेसकॉम का अनुमान है कि अगले दो-तीन साल तक भारतीय तकनीकी सेक्टर को ऐसे दस लाख इंजीनियरों की जरूरत पड़ेगी, जो आर्टिशिफियल इंटेलीजेंस, बैटरी संचालित वाहनों, सेमीकंडक्टर और अन्य उन्नत हो रही तकनीक में पारंगत हों। लेकिन ऐसे इंजीनियर बहुत कम संख्या में तैयार हो रहे हैं। किसी भी देश में विकास के बुनियादी स्तंभ विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित में शिक्षित नौजवान होते हैं। मगर शर्त यह है कि उन्हें वक्त की जरूरत के हिसाब से क्वालिटी शिक्षा मिली हुई हो। इस कसौटी पर भारतीय शिक्षा व्यवस्था नाकाम हो रही है, तो उसका अर्थ है कि अपना देश विकास की होड़ में पिछड़ा बना रहेगा।

## खून-खराबे और बर्बादी भरे असद के शासन का अंत

सीरिया के राष्ट्रपति असद भाग गए है। देश में सेना, प्रशासन और सरकार खत्म है। बांग्लादेश की हसीना वाजेद के हालिया पतन के बाद एक और तानाशाह के पतन की कहानी लिखी जा रही है। राष्ट्रपति के राजधानी दमिश्क से भागने के साथ ही, असद परिवार का सीरिया पर पिछले 50 सालों से चला आ रहा राज खत्म हो गया है। रविवार को सुबह-सुबह विद्रोही बलों ने दमिश्क में जयकारे लगाए। जश्न मनाते हुए हवा में गोलियां चलाईं। चारों ओर 'अल्लाह-हु-अकबर' की आवाजें गूंजने लगी। विद्रोही जनता को सीरिया पर नियंत्रण कायम करने में केवल 11 दिन लगे। विद्रोहियों के उत्तर-पश्चिमी सीरिया से अपने हमले शुरू करने के बाद से ही असद की सेना पीछे हटती गई, उन्हें विदेशी मदद न के बराबर हासिल हो सकी और उनके वफादारों ने देश छोड़कर भागना शुरू कर दिया। विद्रोहियों के लिए रास्ता साफ होता गया और एक हफ्ते के अंदर देश के पांच प्रांतों की राजधानियों पर असद का नियंत्रण खत्म था। उथलपुथल और अराजकता सीरिया के लिए नई बात नहीं हैं। वहां के लोग मुसीबतों के बीच जीने के आदी हैं। बशर अल-असद के जुल्मों के चलते वहां हालात पहले से ही बहुत खराब थे। खून-खराबा बड़े पैमाने पर हो रहा था और देश रहने लायक नहीं बचा था। फिर रविवार की सुबह देश देश पर इस्लामिक विद्रोहियों का कब्ज़ा हो गया। हालाँकि इससे असद के 24 साल के निर्मम शासन अंत हुआ है, लेकिन देश एक नर्क से निकल कर दूसरे नर्क में धकेल दिए जाने के मानिंद है। पिछली बार 2011 में असद गंभीर संकट में फंसे थे जब सीरिया के कई शहरों में जनता ने उनके सत्ता छोडऩे की मांग करते हुए बगावत की थी। उस समय असद ने सरकार की ताकत का इस्तेमाल अपनी ही जनता के खिलाफ करते हुए विरोध को सख्ती से कुचला था। धीरे-धीरे इस विरोध ने गृहयुद्ध का रूप ले लिया। असद ने अपनी डरावनी जेलों से जेहादी कैदियों को रिहा करके उनकी खिलाफत कर रही ताकतों और जेहादियों के बीच टकराव पैदा करने का प्रयास किया। उसके बाद उन्होंने अपने मुख्य अंतर्राष्ट्रीय सहयोगी रूस और लंबे समय के इलाकाई दोस्त ईरान की सहायता ली। ईरान ने लेबनान के शक्तिशाली हथियारबंद संगठन हिज्बुल्लाह के साथ मिलकर उन्हें सैनिक सहायता उपलब्ध करवाई जिससे वे देश पर दुबारा अपना नियंत्रण कायम करने में कामयाब रहे। इस गृहयुद्ध में तीन लाख से अधिक लोग मारे गए। कुछ अनुमानों के मुताबिक मरने वालों की संख्या इससे दोगुनी थी। दसियों हजार लोग जेलों में बंद हैं। सन 2011 से लेकर आज तक कैद किए गए लोगों में से करीब एक लाख या तो गायब हो गए या उन्हें गायब कर दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रतिनिधियों के मुताबिक, इन लोगों को योजनाबद्ध ढंग से क्रूर यातनाएं दी गईं। करीब 1.20 करोड़ लोग अपने घर छोडऩे को मजबूर हुए। देश में कई वर्षों तक युद्ध चलता रहा और इस दौरान सीरिया के बड़े शहरों पर असद का नियंत्रण बना रहा। मगर उत्तर-पश्चिम के कुछ पहाड़ी इलाकों में हयात तहरीर अल-शाम (एचईएस), जिसने 2017 में अलकायदा से नाता तोड़ लिया था, का कब्जा रहा। यह इलाका बाकी दुनिया से कटा हुआ था। यह संगठन असद के लिए बहुत मामूली खतरा नजर आता था किंतु उसने अचानक आक्रमण किया और कुछ ही दिनों में अल्लेपो पर कब्जा कर लिया। सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर अल्लेपो में विद्रोहियों के कब्जे के कुछ ही दिनों बाद एचटीएस नेता अबू मोहम्मद अल-जोलानी लड़ाकों के घेरे में शहर के प्राचीन किले की सीढिय़ों से शान से नीचे उतरे, जहां उत्साहित भीड़ ने उनका स्वागत किया। जोलानी के पूर्व में अलकायदा से संबंध रहे हैं, जिस कारण अमेरिका ने अभी भी उन पर एक करोड़ डालर का इनाम रखा हुआ है। लेकिन जनता के बीच उसकी सतत मौजूदगी और अपने समर्थकों से सीधे संवाद करने के कारण वे इस विद्रोह के नेता बतौर देखे जाने लगे हैं। राष्ट्रपति के रूप में अपने आखिरी घंटों के दौरान असद ने हालात पर काबू पाने की हरचंद कोशिश की। चारों ओर से घिर जाने के बाद भी उन्होंने अरब देशों से मदद की गुहार लगाना जारी रखा। कई स्त्रोतों के मुताबिक उन्होंने यूएआई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायेद – जो एचटीएस जैसे इस्लामिक समूहों से नफरत के लिए जाने जाते हैं – से भी मदद की भीख माँगी और उन्होंने मिस्त्र, जार्डन और कई अन्य देशों से भी। लेकिन कोई इस हारी हुई लड़ाई में उनकी मदद के लिए आगे नहीं आया। अब सीरिया पर इस्लामिक विद्रोहियों का कब्जा है।

# कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म का प्रतिबंध


आरती कुमारी

पहुँच को प्रतिबंधित करने से माता-पिता और अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों को बेहतर ढंग से निर्देशित करने और यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि वे पर्यवेक्षित तरीके से तकनीक से जुड़ें। हमें बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन स्पेस को बेहतर तरीके से नेविगेट करने में मदद करने की भी आवश्यकता है, यह सुनिश्चित करके कि राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में डिजिटल साक्षरता और ऑनलाइन सुरक्षा सिखाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। युवाओं को इस बारे में गंभीरता से सोचना सिखाया जाना चाहिए कि वे ऑनलाइन क्या देखते हैं और वे सोशल मीडिया से कैसे जुड़ते हैं। माता-पिता और शिक्षकों को उचित मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने में मदद करने के लिए बेहतर उपकरणों और संसाधनों की भी आवश्यकता है। सोशल मीडिया लोगों के बीच बातचीत के ऐसे माध्यम को संदर्भित करता है, जिसके ज़रिए वे वर्चुअल समुदायों और नेटवर्क में जानकारी और विचारों का निर्माण, साझा और / या आदान-प्रदान करते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने ऐसे कानून पेश करने की योजना की घोषणा की है, जो 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करने से रोकेगा। यह स्पष्ट है कि हमें बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन बेहतर तरीके से सुरक्षित रखने की ज़रूरत है। संतुलन पर, ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग का मानना नहीं है कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाना सही प्रतिक्रिया है। ऐसे कम प्रतिबंधात्मक विकल्प उपलब्ध हैं, जो बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन नुक़सान से बचाने के उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन अन्य मानवाधिकारों पर इतना महत्त्वपूर्ण नकारात्मक प्रभाव डाले बिना। वैकल्पिक प्रतिक्रिया का एक उदाहरण सोशल मीडिया कंपनियों पर देखभाल का कानूनी कर्तव्य रखना होगा। इसके लिए उन्हें अपने उत्पादों को बच्चों और युवाओं के लिए सुरक्षित बनाने के लिए उचित क़दम उठाने होंगे। देखभाल का वैधानिक कर्तव्य पेश करना सोशल मीडिया कंपनियों की जवाबदेही बढ़ाने और सभी के लिए ऑनलाइन सुरक्षा में सुधार करने का एक सक्रिय तरीक़ा होगा। आयोग समझता है कि सरकार द्वारा देखभाल के ऐसे कर्तव्य पर विचार किया जा रहा है। सोशल मीडिया बच्चों और युवाओं को साइबरबुलिंग, हानिकारक सामग्री और ऑनलाइन शिकारियों सहित कई संभावित जोखिमों के संपर्क में लाता है। पहुँच को प्रतिबंधित करने से उनके मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। अध्ययनों से पता चलता है कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग स्वस्थ मस्तिष्क विकास, नींद और शैक्षणिक प्रदर्शन में बाधा डाल सकता है। प्रस्तावित कानून एक सुरक्षित विकासात्मक वातावरण का समर्थन करता है। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म उपयोगकर्ताओं से बड़ी मात्रा में व्यक्तिगत डेटा एकत्र करते हैं और बच्चे पूरी तरह से समझ नहीं पाते हैं कि उनका डेटा कैसे एकत्र किया जाता है, उपयोग किया जाता है या उसका मुद्रीकरण किया जाता है। युवा उपयोगकर्ताओं के लिए पहुँच पर प्रतिबंध लगाने से गोपनीयता के उल्लंघन और बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा व्यक्तिगत डेटा के शोषण को कम करने में मदद मिल सकती है। पहुँच को प्रतिबंधित करने से माता-पिता और अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों को बेहतर ढंग से निर्देशित करने और यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि वे पर्यवेक्षित तरीके से तकनीक से जुड़ें। हमें बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन स्पेस को बेहतर तरीके से नेविगेट करने में मदद करने की भी आवश्यकता है, यह सुनिश्चित करके कि राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में डिजिटल साक्षरता और ऑनलाइन सुरक्षा सिखाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। युवाओं को इस बारे में गंभीरता से सोचना सिखाया जाना चाहिए कि वे ऑनलाइन क्या देखते हैं और वे सोशल मीडिया से कैसे जुड़ते हैं। माता-पिता और शिक्षकों को उचित मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने में मदद करने के लिए बेहतर उपकरणों और संसाधनों की भी आवश्यकता है। सोशल नेटवर्किंग साइट्स व्यक्तियों और संगठनों को पारंपरिक प्रचार या शैक्षणिक तरीकों से बेजोड़ गति से जानकारी साझा करने और



आदान-प्रदान करने में सक्षम बनाती हैं। सोशल मीडिया ने लोगों के बीच जानकारी साझा करने के तरीके को बदल दिया है। नतीजतन, यह निर्णय लेने में नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करके सुशासन को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सोशल मीडिया के फायदों में से एक यह है कि यह सशक्तिकरण के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरा है। सोशल मीडिया ने नागरिकों और उनकी चुनी हुई सरकार और राजनेताओं के बीच की खाई को कम किया है, जिससे लोकतंत्र में अधिक भागीदारी हुई है। गलत सूचना के प्रसार का मुद्दा सोशल मीडिया का सबसे बड़ा नुक़सान बनकर उभरा है। सोशल मीडिया के उदय ने दुनिया भर में कई किशोरों को नाम पुकारने, उत्पीड़न, शर्मिंदगी, अपमान, पीछा करने, धमकियों और यहाँ तक कि धोखाधड़ी के लिए उजागर किया है। व्यक्ति एक 'इंटरनेट व्यक्तित्व' बनाए रखने का प्रयास करते हैं जो किसी के जीवन की एक गुलाबी तस्वीर पेश करता है, फ़िल्टर का उपयोग करके उन हिस्सों को छुपाता है जिन्हें ' पर्याप्त नहीं माना जाता है। बार-बार सोशल मीडिया का उपयोग मस्तिष्क के उन हिस्सों को बदल सकता है जो भावनाओं और सीखने से सम्बंधित हैं। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021. सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को शिकायत निवारण और अनुपालन तंत्र स्थापित करने के लिए कहा गया है, जिसमें एक निवासी शिकायत अधिकारी, मुख्य अनुपालन अधिकारी और एक नोडल संपर्क व्यक्ति की नियुक्ति शामिल है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इन प्लेटफॉर्म को उपयोगकर्ताओं से प्राप्त शिकायतों और की गई कार्यवाही पर मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी कहा है। इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप को संदेश के पहले स्रोत को ट्रैक करने के लिए प्रावधान करना होगा। धारा 79 में कहा गया है कि किसी भी मध्यस्थ को उसके प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध या होस्ट की गई किसी भी तीसरे पक्ष की जानकारी, डेटा या संचार लिंक के लिए कानूनी रूप से या अन्यथा उत्तरदायी नहीं ठहराया जाएगा। यदि मध्यस्थ, सरकार या उसकी एजेंसियों द्वारा सूचित या अधिसूचित किए जाने के बावजूद, प्रश्नगत सामग्री तक पहुँच को तुरंत अक्षम नहीं करता है, तो सुरक्षा प्रदान नहीं की जाती है। एक व्यापक पारदर्शिता कानून की आवश्यकता है जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म द्वारा प्रासंगिक खुलासे को अनिवार्य बनाता है। इसके अतिरिक्त, सामग्री मॉडरेशन और सम्बंधित कार्य जैसे मानक सेटिंग, तथ्य-जांच और डी-प्लेटफ़ॉर्मिंग को शामिल किया जाना चाहिए। किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य के सम्बंध में माता-पिता को अपने बच्चों को डिजिटल उपकरणों तक पहुँच प्रदान करते समय बहुत सावधान रहना चाहिए तथा उनके साथ स्वस्थ उपयोग के बारे में चर्चा करनी चाहिए।

# क्या संसद के शीतकालीन सत्र में ठोस मुद्दे गुम है और में बात का बतंगड़ वाले मुद्दे ज्यादा है !

अशोक भाटिया , मुंबई

संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है। 25 नवंबर से शुरू हुआ सत्र अब तक काम से ज्यादा व्यवधान के लिए सुर्खियों में रहा है। विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच गतिरोध जारी है। किसी दिन 10 मिनट तो किसी दिन 15 मिनट सदन चला। आखिर इस गतिरोध के पीछे की वजह क्या है? इससे जनता से जुड़े मुद्दों का कितना नुकसान हो रहा है । ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद चल नहीं पा रही है। सिर्फ दो तीन मुद्दे हैं जो महाराष्ट्र चुनाव में उठाए गए थे। वही फिर से दोहराए से जा रहे हैं। जो नारे और जो मुद्दे चुनावी भाषणों में उठाए जा रहे थे, वही सदन में उठाए जा रहे हैं। लोग सकारात्मक बहस देखना और सुनना चाहते हैं। इसमें जितना विपक्ष जिम्मेदार है, उतना ही सत्तापक्ष भी जिम्मेदार है। सदन में ऐसी बातें हो रही हैं, जिनका देश के लोगों से कोई सरोकार नहीं है। पहले यह होता था कि विपक्ष विमर्श से सत्तापक्ष को झुका देता था। प्रश्न यह है कि क्या सांसदों का उद्देश्य सिर्फ संसद को बाधित करना होता है। आजकल यह होता है कि हंगामा जिसने जितना बड़ा कर लिया, वो ज्यादा ताकतवर समझा जा रहा है। ऐसा मत समझिए कि जनता सिर्फ श्रीराम और अल्लाह के नाम पर वोट करती है। सबके जीवन में बुनियादी जरूरतें होती हैं। इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। गंभीर टिप्पणी करने के लिए बहुत अध्ययन की जरूरत होती है, जो आज के जनप्रतिनिधियों में दिखाई नहीं देती है। सांसदों को भान होना चाहिए कि भारतीय संसद, देश की सर्वोच्च विधायिका, जो जनता की आवाज को बुलंद करने और उनके मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श करने के लिए स्थापित की गई थी, पर सांसद आज जनता के मुद्दों को छोड़ दूसरे विषयों पर चर्चा करने में ज्यादा वक्त जाया कर रही है। यानी भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली में जो संसद एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, वहां पिछले कुछ वर्षों में आम जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा अपेक्षाकृत कम हो गई है। इसका मुख्य कारण राजनीतिक दलों के बीच बढ़ता टकराव और विभिन्न विवादास्पद मुद्दों पर ज्यादा ध्यान दिया जाना है। देशहित में बड़े-बड़े मुद्दों पर बहस होती है, जिसमें धर्म, संस्कृति और समाज का महत्व शामिल होता है, लेकिन इन तमाम चर्चाओं के बीच, आम जनता के वास्तविक मुद्दे जैसे कहीं खो जाते हैं। विडंबना यह है कि देश की एकता, अखंडता, संविधान और संप्रभुता को बनाए रखने की बात तो की जाती है, लेकिन आम जनता के दुख, पीड़ा और उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता। निश्चित रूप से यह स्थिति चिंताजनक है और इसका निराकरण जरूरी है। मगर, संसद में बहस और चर्चा के लिए फुर्सत नहीं निकाल पाना भी एक बड़ी समस्या बन गई है। कई बार महत्वपूर्ण विधेयकों को जल्दबाजी में पारित किया जाता है, जिससे व्यापक चर्चा और जनता की आवाज सुनी नहीं जाती। इससे आम जनता के मुद्दों पर सार्थक बहस की संभावना कम हो जाती है। इसके अलावा, सांसदों का व्यक्तिगत एजेंडा और राजनीतिक दलों की प्राथमिकताएं भी आम जनता के मुद्दों पर कम ध्यान देने का कारण बन जाती हैं। कई बार सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों को उठाने के बजाय, राष्ट्रीय राजनीति और पार्टी के हितों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करते हैं। झांसी की घटना को वहां के सांसद ने अब तक नहीं उठाया क्योंकि वो भाजपा से हैं और राज्य में भाजपा की सरकार है। दुःख इसी बात का है कि उन मुद्दों पर पर्याप्त चर्चा नहीं हो पाती, जो आम जनता के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते हैं। संसद में विभिन्न मुद्दों पर बहस होती है, जिसमें राजनीति, धर्म और सामाजिक विषयों पर जोर दिया जाता है। ये बहस आवश्यक है, क्योंकि ये देश की दिशा और दशा को निर्धारित करती है, लेकिन क्या यह पर्याप्त है? संसद में रोटी, कपड़ा, मकान के अलावा भी कई बुनियादी समस्याएं हैं, जिन्हें सुलझाने की जरूरत है। कहीं गंदगी का अंबार लगा है, पीने का पानी नहीं है, कहीं सड़क टूटी है तो कहीं सड़क ही नहीं है। बिजली, परिवहन, स्कूल, अस्पताल, पार्क जैसी कई बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर भी सवाल उठाए जाते हैं, लेकिन उसको कोई तवज्जो नहीं दी जाती है। अलग-अलग क्षेत्रों की समस्याएं भी अलग होती हैं, जिन पर क्षेत्रीय सांसदों का ध्यान केंद्रित होना चाहिए। यह भी सच है कि कई सांसद अपने हिस्से की निधि का पूर्ण उपयोग नहीं कर पाते। इसके बावजूद विपक्ष ने संसद के अंदर जनता के मुद्दों को बुलंद करने की कोशिश की है। यह आवश्यक है कि सभी पार्टियां, चाहे वे सत्ता में हों या विपक्ष में, जनता के मुद्दों को प्राथमिकता दें और उनके समाधान के लिए प्रयासरत रहें। भारत में बेरोजगारी, महंगाई और अन्य सामाजिक समस्याएं, जैसे कि पेपर लीक, किसानों की समस्याएं, और सीमा पर चीन से मिलने वाली चुनौतियां, ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर संसद में चर्चा होना जरूरी है। संसद के मानसून सत्र में आरक्षण, वक्फ बोर्ड और अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई, लेकिन जनता के कई मुद्दे गौण हो गए, हालांकि सरकार ने रोजगार बढ़ाने और सृजन करने की मंशा व्यक्त की है, लेकिन वास्तविकता यह है कि भारत जैसे विकासशील देश में रोजगार की समस्या अभी भी प्रमुख है। युवाओं में कौशल और प्रशिक्षण की कमी, बेरोजगारी का एक मुख्य कारण है। सरकार ने बजट में युवाओं में उचित कौशल विकसित करने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास को प्राथमिकता दी गई है। यदि, भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो युवाओं को रोजगार प्रदान करना एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। देश में प्रदूषण, आतंकवाद, सड़क सुरक्षा और निर्माण संबंधी खतरे जैसे प्रमुख मुद्दे हैं, जिन्हें सार्वजनिक हित के मुद्दे कहा जा सकता है। इन मुद्दों को कानूनी ढांचे के भीतर हल किया जा सकता है, लेकिन आज देश में हर जगह परिवारवाद, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, आतंकवाद, क्षेत्रवाद, बढ़ती जनसंख्या, महंगाई, बेरोजगारी, जमाखोरी, भ्रूण हत्या, मानव तस्करी, बलात्कार और भ्रष्टाचार जैसी गंभीर समस्याएं बढ़ रही हैं। इन समस्याओं पर नियंत्रण करना बहुत जरूरी है। देश के अंदर किसान लगातार आत्महत्या कर रहे हैं, उनकी फसलें बर्बाद हो रहीं हैं। सड़कों पर दूध और सब्जियां फेंकी जा रही हैं, लेकिन इन मुद्दों पर संसद के अंदर गंभीर चर्चा नहीं होती है। इसके विपरीत, कई विवादास्पद मुद्दों के कारण सांप्रदायिक माहौल बिगड़ रहा है, जो देश की अखंडता के लिए खतरनाक है। राजनीतिक दल भी जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने से बचते हैं। पार्षद, विधायक और सांसद अपने क्षेत्रों के विकास पर ध्यान देने के बजाय पार्टी लाइन से चली बड़ी-बड़ी बातें करने में व्यस्त रहते हैं। ऐसा लगता है कि सभी पार्टियों ने जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करने की आदत बना ली है। हाल ही में आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने यमुना नदी में प्रदूषण का मुद्दा उठाया और कहा कि जब तक दिल्ली में बुद्ध स्तर पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट नहीं बनाए जाएंगे, यमुना की स्थिति में सुधार नहीं होगा। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार के असहयोगात्मक रवैये की ओर ध्यान आकृष्ट किया और दिल्ली सरकार पर भी निशाना साधा। यह बेहद दुखद है कि सदियों से पूजी जाने वाली यमुना नदी आज नाले में तब्दील हो गई है। करीब डेढ़ सौ करोड़ की आबादी वाले इस देश में जनता के बुनियादी हक का मुद्दा सर्वोपरि है, लेकिन दुर्भाग्य है कि हमारे चुने हुए जनप्रतिनिधि आम जनता की आवाज को समझ नहीं पा रहे हैं। संसद या विधानसभाओं में बैठे जनप्रतिनिधियों को यह समझना होगा कि जनता की आवाज को बुलंद करना और उनके मुद्दों का समाधान ढूंढना ही देश का भला कर सकता है। देश के अंदर जो अद्भुत सृजनशीलता और उद्यमिता है, उसे संवारने और नई ऊंचाइयों पर ले जाने की आवश्यकता है। जनता सब देख रही है कि कौन क्या कर रहा है क्योकि आजकल संसंद की कार्यवाही का सीधा प्रसारण होता है । इसलिए संसद में बात होनी चाहिए, बहस होनी चाहिए और मुद्दे उठने चाहिए। अगर मुद्दे दल के हिसाब से उठेंगे तो यह होगा। लंबे समय तक कार्यवाही को रोकना भी सही नहीं है। ऐसे में कई कानून बिना चर्चा के भी पारित हो जाते हैं। बेहतर यह है कि आप चर्चा करें और जिस पर आपकी सहमति ना हो तो आप बहिर्गमन करें। मुझे लगता है कि जिम्मेदारी दोनों पक्षों की है और सबसे बड़ी जिम्मेदारी सरकार की है।

### शब्द पहेली - 8339



**बाएँ से दाएँ**

1. तमाशा करने वाला-4
4. शेविंग, दाढ़ी बनाना-4
7. बेल, लतिका-2
8. मामला-3
9. स्तर, परत-2
10. भागना (अंग्रेजी-2)
12. गिरवी रखी वस्तु-2
14. सजदे में झुका हुआ-5
15. असंभव-5
17. खुदा की इबादत-3
19. फायदा, लाभ-2
21. क्रिकेट खिलाड़ी युवराज की प्रेमिका-2
23. मुस्लिम, यवनी-3
24. मोल, कीमत-2
25. स्वभाव, आदत-4
26. करतब, करिश्मा-4

**ऊपर से नीचे**

1. शमशीर, कृपाण-4
2. मां, मम्मी-3
3. नीयत, चरित्र-4
4. ज्वरताप-2
5. राय, वोट-2
6. आंदोलन, संग्राम-4
11. क्षारीय, चटपटा-4
13. आशियां, नीड़-4
14. नेत्र, आंखें-3
15. अनभिज्ञ-4
16. बचत, रिआयत-4
18. आवश्यकता-4
20. उन्माद-2
22. वोट-2
24. अस्थमा, श्वास संबंधी रोग-2

शब्द पहेली - 8338 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore




**मेष राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आप कोई नई योजना बना सकते हैं। कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है। अचानक धन लाभ होने की संभावना है। इस राशि के जो लोग नौकरी में है, आज उन्हें सफलता मिल सकती है। किसी कार्य में अपनों की मदद आपको मिल सकती है। धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग आप कर सकते हैं। ये यात्रा सुखद भी रहेगी।

**वृष राशि-** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में आज के दिन नया बदलाव आयेगा। जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आपका सेहत बेहतर बना रहेगा। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स से जुड़े हैं, उनकी जान-पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जो उनको लाभ पहुंचाएगी। कारोबार में कुछ लोग मददगार साबित होंगे।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ सकती है। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। किसी पुराने दोस्तों से मिलने का योग बन रहा है। परिवार से जुड़ी कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है। आज आप जीवनसाथी के साथ यादगार पल बितायेंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**कर्क राशि-** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आपको अपने सोच और व्यव्हार को संतुलित रखना चाहिए। किसी पर ज्यादा भरोसा करने से आपको बचना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपको कोई बड़ा फैसला लेने से बचना चाहिए। आपको अपने गुस्से पर काबू रखना चाहिए। इससे आपको फायदा भी हो सकता है। व्यापार की स्थिति सामान्य रहेगी।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको कुछ काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। परिवार के साथ मूवी का प्लान बना सकते हैं। पैसों के लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। अगर आप समय का सदुपयोग करेंगे, तो आपको फायदा जरूर मिलेगा। किसी तरह की पुरानी बातों पर ध्यान देने से आपको बचना चाहिए। कामकाज की स्थिति मजबूत रहेगी।

**कन्या राशि-** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही करियर में आगे बढऩे के नए अवसर भी सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की प्राप्ति होगी। आपको कोई अच्छी खबर भी मिल सकती है। आपको पैसे कमाने के अच्छे मौके मिलेंगे। आपको अपने कामकाज से जुड़े नए आइडियाज मिलेंगे।

**तुला राशि-** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। सोसाइटी में किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रख सकते हैं, जिसका प्रभाव कुछ लोगों पर साफ दिखेगा। आपका आर्थिक पक्ष थोड़ा कमजोर हो सकता है। परिवार के कुछ मामलों में आपको अनदेखा करने से बचना चाहिए। मित्रों के साथ कहीं घूमने की प्लान बना सकते हैं।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं।

**धनु राशि-** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। अचानक नए स्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। आप शाम तक किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा। लवमेट के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा। कोई शुभ समाचार आपको मिलेंगे।

**मकर राशि-** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे हो सकते हैं, इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है। किसी बात को लेकर भाई-बहन से थोड़ी अनबन हो सकती है। आप बच्चों के साथ टाइम स्पेंड कर सकते हैं।

**कुंभ राशि-** आज आपका दिन शानदार रहेगा। कामकाज से जुड़ी कोई बड़ी चुनौती आपके सामने आयेगी। साथ ही आप इसमें सफल भी होंगे। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। साथ ही दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित भी होंगे।

**मीन राशि-** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। किसी खास काम में आपको फायदा मिल सकता है। भाई-बहन के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बात से प्रभावित हो सकते हैं। बिजनेस के मामलों में दिन अच्छा हो सकता है। सामाजिक कामों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। कार्यस्थल पर आपको सहयोग मिल सकता है। दोस्तों से आपको मदद मिल सकती है।

# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए किस टीम के पास हैं कितने अवसर

**मुम्बई**। अगले साल होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए भारत सहित चार टीम दौड़ में बनी हुई। इसमें अभी दक्षिण अफ़्रीका की टीम अंक तालिका में शीष पर जबकि ऑस्ट्रेलिया दूसरे व भारत तीसरे व श्रीलंका चौथे नंबर है। इस चक्र के 10 टेस्ट अभी शीष हैं। कई टीमें अब भी फ़ाइनल की दौड़ में बनी हुई हैं। हालांकि अब भी किसी टीम का फ़ाइनल में पहुंच पाना तय नहीं है। किस टीम के पास कितने अवसर




**दक्षिण अफ़्रीका-प्रतिशतः 63.33, बचे हुए मैचः पाकिस्तान (2 घरेलू)-** दक्षिण अफ़्रीका ने श्रीलंका के ख़िलाफ़ 2-0 की सीरीज़ जीत के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त कर लिया है। फ़ाइनल में स्थान सुरक्षित करने के लिए उन्हें पाकिस्तान के ख़िलाफ़ घरेलू सीरीज़ के दो में से केवल एक टेस्ट जीतने की ज़रूरत है, जो इस महीने के अंत में शुरू होगी। यदि सीरीज़ 1-1 की बराबरी पर रहती है, तो उनका प्रतिशत 61.11 होगा और ऐसे में केवल भारत या ऑस्ट्रेलिया ही उन्हें पीछे छोड़ पाएंगे। अगर दोनों टेस्ट ड्रॉ होते हैं, तो उनका प्रतिशत 58.33 होगा। ऐसी स्थिति में भारत ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराता है और ऑस्ट्रेलिया श्रीलंका में दोनों टेस्ट जीतता है, तो ऑस्ट्रेलिया (60.53प्रतिशत) और भारत (58.77प्रतिशत) दक्षिण अफ़्रीका से आगे निकल सकते हैं। वहीं अगर दक्षिण अफ़्रीका 0-1 से हारता है, तो उन्हें उम्मीद करनी होगी कि ऑस्ट्रेलिया अपने बचे हुए पांच में से केवल दो टेस्ट जीते या भारत ऑस्ट्रेलिया में तीन में से केवल एक टेस्ट जीते और एक ड्रॉ करे।

**ऑस्ट्रेलिया- प्रतिशतः 60.71,बचे हुए मैचः भारत (3 घरेलू टेस्ट), श्रीलंका (2 टेस्ट विदेश में)-** फ़ाइनल में स्थान सुनिश्चित करने के लिए ऑस्ट्रेलिया को भारत के ख़िलाफ़ अपने तीन टेस्ट में से दो जीतने की आवश्यकता है। 3-2 की जीत के बाद भले ही वे श्रीलंका में दोनों टेस्ट हार जाएं, उनका प्रतिशत 55.26 होगा। यदि वे 2-3 से हारते हैं, तो भारत का प्रतिशत 58.77 हो जाएगा। इस स्थिति में ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका में दोनों टेस्ट जीतने होंगे या उम्मीद करनी होगी कि दक्षिण अफ़्रीका पाकिस्तान के ख़िलाफ़ केवल एक मैच ड्रॉ करे।

**भारत- प्रतिशतः 57.29, बचे हुए मैचः ऑस्ट्रेलिया (3 विदेशी धरती पर)-** फ़ाइनल में स्थान सुनिश्चित करने के लिए भारत को ऑस्ट्रेलिया में अपने शेष तीन टेस्ट में से दो जीत और एक ड्रॉ चाहिए। इससे उनका प्रतिशत 60.53 होगा और वे दक्षिण अफ़्रीका के बाद दूसरे स्थान पर रहेंगे। इसके बाद यदि ऑस्ट्रेलिया श्रीलंका को 2-0 से हरा भी देता है तो उनके पास सिर्फ़ 57.02 प्रतिशत अंक ही होंगे। यदि भारत 3-2 से सीरीज़ जीतता है, तो उनका प्रतिशत 58.77 होगा। इसके बाद यदि ऑस्ट्रेलिया 1-0 से श्रीलंका को हराकर भारत से पीछे रह सकता है। यदि भारत 2-3 से हारता है, तो उनका प्रतिशत 53.51 होगा। इस स्थिति में दक्षिण अफ़्रीका, श्रीलंका, और ऑस्ट्रेलिया सभी उन्हें पीछे छोड़ सकते हैं। अगर उस स्थिति में भी भारत फ़ाइनल में पहुंचना चाहता है तो उन्हें यह आशा करनी होगी कि दक्षिण अफ़्रीका दोनों टेस्ट हार जाए और ऑस्ट्रेलिया कम से कम एक मैच ड्रॉ करे।

**श्रीलंका- प्रतिशतः 45.45, बचे हुए मैचः ऑस्ट्रेलिया (2 घरेलू)-** भले ही श्रीलंका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों टेस्ट जीत ले, लेकिन उनका प्रतिशत 53.85 तक ही पहुंच पाएगा।इसके बाद उन्हें दूसरी टीमों के परिणाम पर निर्भर रहना पड़ेगा। यह लगभग तय है कि दक्षिण अफ़्रीका और भारत या ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक इस स्कोर को पार कर सकता है। ऐसा होने के लिए भारत को एक जीत और एक ड्रॉ चाहिए, जबकि ऑस्ट्रेलिया को दो जीत की आवश्यकता होगी। यदि दक्षिण अफ़्रीका पाकिस्तान से दोनों टेस्ट हारता है और ऑस्ट्रेलिया 2-1 से सीरीज़ जीतता है, तो श्रीलंका के लिए मौक़ा बन सकता है।

## रुट के पसंदीदा खिलाड़ी हैं हैरी ब्रूक

**लंदन**। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट अभी विश्व के चार सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक माने जाते हैं और उनकी गिनती , विराट कोहली, केन विलियमसन और स्टीव स्मिथ जैसे बल्लेबाजों के साथ होती है। वहीं रूट के पसंदीदा खिलाड़ियों में विराट विलियमम्स और स्मिथ नहीं बल्कि एक नया बल्लेबाज हैरी ब्रूक है। ब्रूक ने हाल हीम में न्यूजीलैंड के खिलाफ शतकीय पारी खेली। इस पारी के बाद ही रूट उनके प्रशंसक हो गये। इस अनुभवी बल्लेबाज ने कहा कि ब्रूक का बल्लेबाजी करने का स्टाइल ही उन्हें सबसे अलग और श्रेष्ठ बनाता है। रूट ने कहा कि, अगर आप मुझसे पूछें तो ब्रूक इस समय दुनिया के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उनका खेल हर तरह से जबरदस्त है। वह दबाव को अच्छी तरह से झेल सकते हैं। विपक्षी टीम पर दबाव डाल भी सकते हैं। वह गेंदबाज के सिर के ऊपर से छक्का भी जड़ सकते



हैं साथ ही वह स्पिन और सीम दोनों पर जमकर प्रहार कर सकते हैं। इसलिए उन्हें गेंदबाजी करना सबसे कठिन है। ब्रूक न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के शुरुआती दो मैचों में इंग्लैंड की जीत के हीरो रहे। उन्होंने दो टेस्ट मैचों में 171,123 औऱ 55 रन की अर्धशतकीय पारी खेली है। ब्रूक ने अभी तक अपने करियर में 23 टेस्ट मैच खेले हैं और 61.62 की शानदार औसत से 2280 रन बनाए हैं।

## रोहित आने वाले मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे : परांजपे

**नई दिल्ली**। पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता जतिन परांजपे के अनुसार सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा भले ही दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में विफल रहे हों पर वह बचे हुए तीन मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। रोहित दिन-रात के दूसरे टेस्ट में मध्यक्रम में उतरे थे और दोनो ही पारियों में मिलाकर भी दो अंकों तक नहीं पहुंच पये। इससे पहले न्यूजीलैंड सीरीज में भी वह असफल रहे थे। इससे उनके पिछले 6 टेस्ट की औसत घटकर 11.83 हो गई है। रोहित को अपने गेंदबाजों का सभी तरीके से उपयोग नहीं करने के कारण भी आलोचना का सामना करना पड़ा था। परांजपे ने कहा कि पिछली कुछ टेस्ट पारियों में उनका प्रदर्शन बहुत खराब रहा है पर मुझे लगता है कि फॉर्म अस्थायी है और क्लास स्थायी है। मुझे रोहित के अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर भरोसा है क्योंकि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वह मुंबई के खिलाड़ी हैं। जब चीजें कठिन होती हैं तो वे आपके खिलाफ जीत हासिल करने के लिए जाने जाते हैं। मुझे लगा कि एडिलेड में इस टेस्ट मैच में वह थोड़ा खराब थे पर मुझे भरोसा है कि वह वापसी करेंगे। उनकी बल्लेबाजी में कुछ भी गलत नहीं है, बस उन्हें मैदान पर एक या दो घंटे टिककर खेलने की जरूरत है। परांजपे ने कहा, रोहित को 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में सलामी बल्लेबाज के रूप में वापसी करनी चाहिए।



सलामी बल्लेबाज के स्थान पर वापस आना उनके लिए एक आरामदायक क्षेत्र है। इसलिए मुझे उम्मीद है कि वह यशस्वी जायसवाल के साथ शीर्ष स्थान पर वापस आएंगे। वहीं केएल राहुल को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेज जाएगा। मैंने यह भी सोचा कि पहले कुछ दिनों में वह अपनी कप्तानी में थोड़ा कमजोर थे और मुझे भरोसा है कि वह आने वाले तीन मैचों में अपनी पुराने अंदाज में दिखेंगे। वहीं परांजपे ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की कप्तानी की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले 3 से 4 साल में वह विश्व क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ कप्तान के तौर पर उभरे हैं। एडीलेड में उन्होंने दूसरी पारी में पांच विकेट लेकर बेहतरीन गेंदबाजी की थी।

## पूर्व क्रिकेट केविन कुरेन का बेटा बेन जिम्बाब्वे टीम में शामिल

**हरारे**। जिम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेटर केविन कुरेन के बेटे बेन कुरेन को अफगानिस्तान के खिलाफ सीमित ओवरों की टी20 और एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। बाएं हाथ के बल्लेबाज बेन कुरेन ने साल 2018 से 2022 के बीच नॉर्थम्पटनशायर के लिए खेला है। उनके नाम घरेलू प्रतियोगिताओं में 50 ओवर और लाल गेंद वाली घरेलू प्रतियोगिताओं में सबसे अधिक रन हैं। केविन कुरेन ने साल 2005 से 2007 तक जिम्बाब्वे के मुख्य कोच रहने से पहले 1983 और 1987 के बीच जिम्बाब्वे के लिए 11 एकदिवसीय मैच खेले थे। उनके भाई टॉम और सैम ने इंग्लैंड के लिए तीनों प्रारूपों में खेला है। टॉम 2019 एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड टीम



के सदस्य थे। आखिरी बार वह 2021 में इंग्लैंड के लिए खेले थे। वहीं, सैम ऑस्ट्रेलिया की 2022 टी20 विश्व कप विजेता टीम के लिए फाइनल में मैन ऑफ द मैच रहे थे। दूसरी ओर बेन कुरेन ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में हुए आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था। किया था। उन्होंने जिम्बाब्वे की ओर से तब 8 विकेट लिए थे। इसके अलावा जिम्बाब्वे की टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## आईपीएल फ्रैंचाइजियों का राजस्व दोगुना हुआ

**मुम्बई**। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) विश्व क्रिकेट की सबसे अमीर लीग है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शीर्ष 10 फ्रैंचाइजी का संयुक्त राजस्व वित्त वर्ष 24 में 3082 से दोगुना होकर 6797 करोड़ पहुंच गया है। इसका कारण इस मीडिया राइट्स को बताया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने साल 2022 में डिजनी स्टार और वायाकॉम 18 के साथ साल रिकॉर्ड 48 हजार 390 करोड़ का मीडिया राइट्स का करार किया था। मीडिया राइट्स के अलावा बीसीसीआई को टाटा ग्रुप, माई11सर्कल, सिएट और एंजेलवन सहित प्रमुख ब्रांडों के साथ बहु-वर्षीय प्रायोजन समझौतों से भी 4 हजार करोड़ से अधिक की कमाई होती है। बीसीसीआई की बढ़ती कमाई का एक कारया ब्रांड वैल्यू का बढ़ना भी है। आईपीएल का ब्रांड मूल्य साल 2023 की तुलना में 2024 में 13 फीसदी




बढ़कर 12 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो 2009 में इसके 2 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन से छ गुना अधिक है। विशेष रूप से 4 फ्रेंचाइजी- चेन्नई सुपर किंग्स (सी.एस.के.), मुंबई इंडियंस (एम.आई.), रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आर.सी.बी.), और कोलकाता नाइट राइडर्स (के.के.आर.) की ब्रांड वैल्यू 100 मिलियन डॉलर से आगे निकल गयी है। टीम प्रायोजन में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई, जिससे वित्तीय स्थिरता बढीं। इसके अलावा, टिकटों की ऊंची कीमतों और स्टेडियम भरे होने से भी लाभ हुआ है। गुजरात टाइटास 776 करोड़ के साथ सबसे ऊपर है। वित्त वर्ष 23 में उनका राजस्व 359 करोड़ था। वहीं मुंबई इंडियंस 737 करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर है। कोलकाता नाइट राइडर्स का राजस्व भी 322 करोड़ से दोगुना होकर 698 करोड़ हो गया है। वहीं चेन्नई सुपरकिंग्स वित्त वर्ष 2013 में 292 करोड़ की तुलना में 676 करोड़ पर पहुंच गयी है।

# व्यापार

## शेयर बाजार की सपाट शुरुआत

**मुम्बई**। घरेलू शेयर बाजार की बुधवार को सपाट शुरुआत हुई। सुबह 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 5.01 अंक करीब 0.01 फीसदी बढ़कर 81,515.06 पर कारोबार कर रहा था जबकि 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी 13.75 अंक तकरीबन 0.06 फीसदी की बढ़त के साथ 24,623.8 पर कारोबार कर रहा था। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन निफ्टी की वित्तीय सेवा और निजी बैंक सेक्टर में बिकवाली रही। निफ्टी पर 1,634 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 565 शेयर गिरावट के साथ ही लाल निशान में थे। बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों के आने से लार्ज कैप शेयरों, विशेषकर बैंकिंग और आईटी में मजबूती है। निफ्टी बैंक 122.45 अंक तकरीबन 0.23 फीसदी नीचे आकर 53,455.25 पर था। वहीं निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 5.45 अंक या 0.01 फीसदी की गिरावट के साथ 59,129.95 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 53.45 अंक या 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,636.65 पर था। सेंसेक्स के शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले, इंफोसिस, मारुति, अदाणी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, सन




फार्मा और एलएंडटी सबसे अधिक लाभ में थे जबकि आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर नुकसान में रहे। वहीं एशियाई बाजारों में हांगकांग और जापान के बाजारों में गिरावट रही जबकि जकार्ता, बैंकॉक, चीन और सोल के बाजार हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। वहीं गत कारोबारी दिन अमेरिकी शेयर बाजार गिरावट पर रहे थे। इस दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 10 दिसंबर को 1,285.96 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने उसी दिन 605.79 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## नैचुरल हीट बढ़ने से खतरे में गारमेंट बिजनेस, 65 अरब डॉलर का हो सकता है नुकसान

### पाकिस्तान, बांग्लादेश और वियतनाम में ब्रांडेड कंपनियां कराती हैं उत्पाद तैयार

**नई दिल्ली**। पाकिस्तान, बांग्लादेश और वियतनाम वह देश हैं जहां बड़ी और ब्रांडेड गारमेंट कंपनियां उत्पाद तैयार कराती हैं। जहां इन कपड़ों का निर्माण होता है वहां बहुत गर्मी पड़ती है। अब एक और समस्या सामने आ गई है कि पर्यावरण में बदलाव के कारण नैचुरल हीट में भी बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में इन कारखानों में काम करने वाले कर्मचारियों को गर्मी की दोगुनी मार झेलनी पड़ रही है।८एक रिसर्च रिपोर्ट में पाया है कि अत्यधिक गर्मी या बाढ़ से बांग्लादेश, कंबोडिया, पाकिस्तान और वियतनाम के कपड़ा निर्यात उद्योग को 65 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। भारतीय करेंसी में यह 5.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा होगा। बता दें कि इस रिपोर्ट में रिटेलर्स और



ब्रांड्स को यह सुझाव भी दिया गया है कि वे अपने कर्मचारियों के वेतन और हेल्थ पर खर्च को बढ़ाएं अत्यधिक हीट के कारण होने वाले कार्य दिवस के नुकसान की भरपाई हो सके। इसको देखते हुए अब यूरोपियन यूनियन ने नए नियम लागू किए हैं। यह नियम नाइकी, एचएंडएम और इन्हीं के जैसी अन्य गारमेंट कंपनियों को कानूनी रूप से इन परिस्थितियों को सुधारने के लिए बाध्य करती हैं। इन कंपनियों को ही पाकिस्तान, बांग्लादेश या वियतनाम में काम कर रहे अपने सप्लायर्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स में कूलिंग का पर्याप्त इंतजाम करना होगा। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी के ग्लोबल लेबर इंस्टीट्यूट ने पाया है कि ढाका, हनोई, हो चि मिन्ह सिटी और कराची जैसे शहरों में 'वेट बल्ब' के दिनों में 42 फीसदी का उछाल आया है। वेट बल्ब तापमान मापने का एक तरीका है जिसमें 30.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान नोट किया जाता है। इसी पैमाने के मुताबिक जिस दिन तापमान 30.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा होता है उसे वेट बल्ब डे कहा जाता है और ऐसे दिनों में 2005-2009 के मुकाबले 2020-24 में 42 फीसदी का उछाल आया।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 विपक्षी पार्टियों ने गिराई आसन की गरिमा,जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर भड़के किरेन रिजिजू
2 राज्यसभा सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव,जयराम रमेश बोलेःहमने केवल विपक्षी सदस्यों के अपमान के खिलाफ आवाज उठाई
3 बहुमत है नहीं,फिर भी ला रहे अविश्वास प्रस्ताव; आसन का सम्मान करना सीखे विपक्षःरिजीजू की नसीहत
4 BJP के लोग संसद में अडानी के मुद्दे पर चर्चा करने से डर रहे हैं,ये जानते हैं कि चर्चा होगी तो सच्चाई सामने आ जाएगी,इस सत्र में नरेंद्र मोदी दिखे ही नहीं,वे सदन में आए ही नहीं; कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी
5 संभल हिंसा, राहुल-प्रियंका मारे गए युवकों के परिजन से मिले, बोलेःहमेशा आपके साथ खड़े हैं;6 दिन पहले पुलिस ने जाने से रोका था
6 स्वास्थ्य मंत्री बोलेः अचानक मौत की वजह कोविड वैक्सीन नहीं,संसद में रिसर्च पेश की,कहाःवैक्सीनेशन से जोखिम बढ़ा नहीं बल्कि कम हुआ
7 पर्वत से ऊंची,समुद्र से गहरी है भारत-रूस की दोस्ती,पुतिन से मुलाकात कर बोले राजनाथ सिंह
8 सीजेआई खन्ना बोलेः समाज की नींव हैं मानवाधिकार,वैश्विक शांति के लिए इनका होना जरूरी
9 दिल्ली से जयपुर बस का सफर 2 घंटे में,चाय पानी नाश्ता मिलेगा;बोलेःनितिन गडकरी
10 राजस्थान के गांवों में केंद्र सरकार बनाएगी 3,41,620 मकान,शिवराज ने किए बड़े ऐलान
11 कर्नाटक में लिंगायत समुदाय के आरक्षण की मांग पर बवाल,बेलगावी में हिंसक प्रदर्शन,लाठीचार्ज; विधायक और स्वामीजी हिरासत में
12 AAP को बड़ा झटका! दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मुस्लिम विधायक ने दिया इस्तीफा
13 EVM को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाएंगे इंडिया गठबंधन के दल,शरद पवार ने की AAP और कांग्रेस नेताओं के साथ चर्चा
14 चुनाव विकास से नहीं,राम-राम करने से जीत पक्की…ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर का बयान
15 दिल्ली-यूपी में बढ़ी ठिठुरन,कश्मीर-हिमाचल में तापमान शून्य के नीचे; पंजाब में शीतलहर का येलो अलर्ट
16 सीरिया से भारत ने 75 नागरिकों को निकाला,बचे भारतीयों को इंडियन एंबेंसी के संपर्क में रहने की सलाह दी
17 सिंधिया लेडी किलर' वाले बयान पर कल्याण बनर्जी ने मांगी माफी,केंद्रीय मंत्री बोलेःमाफ नहीं करूंगा
18 कल्याण बनर्जी ने सिंधिया को कहाःलेडी किलर,हंगामे के बाद लोकसभा 5 बजे तक के लिए स्थगित
19 काबुल में धमाका, तालिबानी मंत्री रहमान हक्कानी की मौत
20 राजस्थान CM भजनलाल के काफिले का एक्सीडेंट,तीन पुलिसकर्मी और एक ड्राइवर घायल
21 सभापति ने सदन में भेदभाव किया,INDIA ब्लॉक की पीसी में बोले खड़गे
22 बारामूला MP इंजीनियर राशिद की जमानत याचिका पर सुनवाई कल 2 बजे तक के लिए टली
23 सीएम फडणवीस समेत दोनों डिप्टी सीएम दिल्ली के लिए रवाना,पावर शेयरिंग और पोर्टफोलियो पर होगी चर्चा
24 महाराष्ट्रःअंबेडकर की मूर्ति के अपमान पर परभनी में हिंसा,गुस्साए लोगों ने की आगजनी
25 लोकसभा स्पीकर से मिले राहुल गांधी,बोलेःहम चाहते हैं कि सदन चले
26 छत्तीसगढ़ःबीजापुर में हुए IED ब्लास्ट में 2 जवान घायल,नक्सलियों ने किया था हमला
27 PM मोदी से किरेन रिजिजू की मुलाकात, धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा
28 सोरोस से कांग्रेस का क्या रिश्ता है,राज्यसभा में बोले जेपी नड्डा
29 संसद में कांग्रेस का अनोखा प्रोटेस्ट,राहुल ने राजनाथ सिंह को भेंट किया गुलाब और तिरंगा
30 अविश्वास प्रस्ताव पर हंगामे के बीच राज्यसभा 12 बजे तक के लिए स्थगित
31 पंजाब और हरियाणा में 9 जगहों पर NIA का तलाशी अभियान
32 बारामूला MP इंजीनियर राशिद की जमानत याचिका पर सुनवाई कल 2 बजे तक के लिए टली
33 सीएम फडणवीस समेत दोनों डिप्टी सीएम दिल्ली के लिए रवाना,पावर शेयरिंग और पोर्टफोलियो पर होगी चर्चा
34 महाराष्ट्रःअंबेडकर की मूर्ति के अपमान पर परभनी में हिंसा,गुस्साए लोगों ने की आगजनी
35 सोरोस से कांग्रेस का क्या रिश्ता है,राज्यसभा में बोले जेपी नड्डा
36 संसद में कांग्रेस का अनोखा प्रोटेस्ट,राहुल ने राजनाथ सिंह को भेंट किया गुलाब और तिरंगा
37 आंध्र प्रदेश के गुंटूर में पुलिस ने डकैती के 10 आरोपियों को किया गिरफ्तार,सोना-नकदी बरामद
38 पुरी जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की होगी मरम्मत,17 दिसंबर से ASI शुरू करेगा काम
39 सीरिया में हालिया घटनाक्रम के बाद एक्शन में भारत,अपने 75 नागरिकों को किया एयरलिफ्ट
40 अपनी टीम के साथ केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह से मिले ओवैसी,बुनकरों के मुद्दों पर की चर्चा




# हरभजन सिंह बड़े पर्दे पर फिर मचाएंगे धमाल

## फिल्म सेवियर में आएंगे नजर

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर और वर्तमान में राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह ने हाल ही में अपनी अपकमिंग फिल्म का ऐलान किया है. जीहां वे फिर से बड़े पर्दे पर फिर धमाका करने वाले हैं, उन्होंने हाल ही में अपनी अपकमिंग फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए फैंस को इसकी जानकारी दी. इससे उनके फैंस में खुशी की लहर दौड़ गई है. पूर्व ऑफ स्पिनर और कमेंटेटर ने अपने फैंस को एक बार फिर खुशी से झूमने का मौका दिया है. पंजाब के 44 वर्षीय हरभजन अब एक बार फिर से बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं. हरभजन सिंह ने सोशल मीडिया पर फिल्म को पोस्टर शेयर किया और लिखा, निर्देशक जॉन और उनकी टीम के साथ एक बार फिर काम करने को लेकर उत्साहित हूं, यह फिल्म सभी के लिए एक बेहतरीन एंटरटेनर होगी तैयार हो जाइए. बता दें फिल्म का नाम है सेवियर (स्ड्ढ1द्बशह्म्) और इस फिल्म में हरभजन एक डॉक्टर की भूमिका निभाते नजर आएंगे. फिल्म में उनका नाम डॉ. जेम्स मल्होत्रा है. हालांक फिल्म के बारे में और जानकारी सामने नहीं आई है कि यह कब रिलीज होगी, जल्द ही अपडेट मिलने की उम्मीद है. पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह घरेलू टी20 लीग में चेन्नई के लिए खेलते हुए तमिल दर्शकों के बीच एक पसंदीदा स्टार बन गए. हरभजन सिंह ने कई तमिल कविताएं भी लिखीं. इसके बाद हरभजन सिंह को तमिल फिल्मों में काम करने के ऑफर मिले और उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस से कॉलीवुड दर्शकों का दिल जीत लिया. ये फिल्म उनके तमिल फैंस के लिए एक तोहफा है बता दें यह एक साइको थ्रिलर फिल्म है. हरभजन सिंह ने हिंदी फिल्मों में कुछ स्पेशल अपीयरेंस के साथ एक्टिंग में अपने करियर की शुरुआत की. इसके बाद हरभजन सिंह ने तमिल फिल्म फ्रेंडशिप में लीड रोल प्ले किया. जिसे जॉन पॉल राज और शाम सूर्या ने निर्देशित किया था. हरभजन सिंह ने तमिल फिल्म डिक्कीलोना में भी स्पेशल रोल प्ले किया था. जिसमें संथानम लीड रोल में थे. हरभजन सिंह ने भारत की ओर से 236 वनडे और 103 टेस्ट और 28 टी20 मैच खेले हैं. उनको टर्बनेटर के नाम से भी जाना जाता है. उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 417 विकेट हासिल किए हैं. इसके अलावा उन्होंने वनडे में 269 विकेट चटकाए हैं. भज्जी टी20 में भी 25 विकेट अपने नाम कर चुके हैं. टेस्ट में उनके नाम 2 शतक दर्ज हैं. वो बल्ले के साथ 3000 से ज्यादा रन भी बना चुके हैं.

# शानदार कार को छोड़क़र आलिया भट्ट ने की ऑटो की सवारी



बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट ने मुंबई में यातायात की समस्या से बचने के लिए अपनी शानदार कार को छोडक़र ऑटो की सवारी की। अभिनेत्री मुंबई के वर्सोवा जेटी पर नजर आईं। इसके बाद बोट से उतरकर सफर के लिए ऑटो को चुना। 'राजी' फेम अभिनेत्री एक ओवरसाइज स्ट्राइप्ड शर्ट और पैंट पहने हुए देखी गईं। यातायात की समस्या से बचने के लिए आलिया भट्ट के साथ ही अन्य हस्तियां भी वर्सोवा से मुंबई के इलाके में शूटिंग स्थलों तक जाने के लिए जेटी राइड का सहारा लेती नजर आ चुकी हैं। इससे सफर करने में लगभग 90 मिनट का समय बचता है। कन्नड़ सुपरस्टार यश और कियारा आडवाणी जैसे अन्य अभिनेताओं को भी शूटिंग स्थलों तक पहुंचने के लिए जेटी का सहारा लेते देखा गया। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' अभिनेत्री आलिया भट्ट सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और अक्सर एक से बढक़र एक पोस्ट शेयर करती रहती हैं। आलिया ने हाल ही में एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह अपने घर पर क्रिसमस ट्री लगाती नजर आईं। क्रिसमस ट्री को परिवार, पति रणबीर कपूर और बेटी राहा के नाम वाले स्टिकर्स से सजाया गया था। आलिया ने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, और यह हो गया। इस बार का क्रिसमस भी आलिया भट्ट के लिए खास है। उनकी लाडली राहा दो साल की हो चुकी हैं। राहा का जन्म 2022 में हुआ था। वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री की हालिया रिलीज फिल्म जिगरा थी। फिल्म में आलिया के साथ लीड रोल में वेदांग रैना हैं। फिल्म में सोमेन मिश्रा, शोभिता धुलिपाला के साथ ही मनोज पाहवा जैसे सितारे भी अहम रोल में हैं। वसन बाला के निर्देशन में तैयार फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी थी।



# सोनू सूद की फतेह के टीजर की रिलीज डेट से उठा पर्दा, सामने आया शानदार पोस्टर




बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म फतेह का टीजर आज 9 दिसंबर को रिलीज होने वाला है. इस खबर की पुष्टि एक जबरदस्त पोस्टर के जरिए की गई है, जो फैंस के बीच काफी चर्चा का विषय बन गया है. पोस्टर में सोनू सूद का दमदार और एक्शन से भरपूर अवतार देखने को मिल रहा है, जिसमें वह एक दुश्मन को पकड़ते हुए नजर आ रहे हैं.वहीं फिल्म 10 जनवरी को रिलीज के लिए तैयार है. फतेह का निर्देशन सोनू सूद ने खुद किया है और यह फिल्म ज़ी स्टूडियोज के बैनर तले बनी है. फिल्म के प्रोड्यूसर सोनाली सूद और उमेश केआर बंसल हैं. पोस्टर में दिखाई गई झलक ने दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है. फिल्म के बारे में बात करते हुए दबंग एक्टर ने कहा, फिल्म फतेह सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं है. ये एक ऐसी कहानी है, जो साइबर अपराध के तेजी से बढ़ते मुद्दे पर प्रकाश डालती है. जिसे एक रोमांचक कहानी के जरिए पर्दे पर उतारा गया है. मेरा ये प्रोजेक्ट मेरे दिल के बेहद करीब है. मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस फिल्म से बेहतर तरीके से जुड़ पाएंगे. एक फिल्म निर्माता के रूप में, मेरा उद्देश्य एक ऐसी कहानी पेश करना है, जो आज की दुनिया की कहानी कहती हो. इसमें जैकलीन फर्नांडीज, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह जैसे कई सितारे नजर आएंगे. फतेह कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों को प्रभावित करने वाले साइबर अपराध के वास्तविक जीवन के उदाहरणों से प्रेरित है. फिल्म में सिनेमैटोग्राफी, रिसर्च और एक्शन कोरियोग्राफी के लिए प्रसिद्ध हॉलीवुड पेशेवरों सहित एक टीम है.



# रश्मिका मंदाना की द गर्लफ्रेंड के टीजर में रुमर्ड बॉयफ्रेंड विजय देवराकोंडा ने दी आवाज




रश्मिका मंदाना की फिल्म द गर्लफ्रेंड को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है. मेकर्स ने हाल ही में इसका नया पोस्टर रिलीज किया और इसके टीजर की रिलीज डेट बताई है. रश्मिका मंदाना राहुल रवींद्रन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वह एक कॉलेज जाने वाली लडक़ी की भूमिका में हैं और इसकी कहानी अनूठी होने की उम्मीद है. इस टीजर में उनके रुमर्ड बायफ्रेंड विजय देवराकोंडा ने आवाज दी है. मेकर्स ने हाल ही में द गर्लफ्रेंड का पोस्टर रिलीज करते हुए इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठाया है. बता दें इसका टीजर आज 9 दिसंबर को सुबह 11.07 बजे रिलीज होगा. राहुल रवींद्रन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वह एक कॉलेज जाने वाली लडक़ी की भूमिका में हैं और इसकी कहानी अनूठी होने की उम्मीद है. टीजर की सबसे खास बात यह है कि इसमें रश्मिका के रुमर्ड बायफ्रेंड विजय देवराकोंडा ने आवाज दी है. जिसने दर्शकों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ा दी है. हेशम म्यूजिक के लिए बोर्ड पर हैं और जीए2 पिक्चर्स, मास मूवी मेकर्स, धीरज मोगिलिनेनी एंटरटेनमेंट द गर्लफ्रेंड के निर्माता हैं. रश्मिका मंदाना पुष्पा 2: द रूल की सफलता का आनंद ले रही हैं और फिल्म में उनके काम की खूब सराहना की जा रही है. रश्मिका ने विजय देवरकोंडा की अगली फिल्म साइन की है और गीता गोविंदम और डियर कॉमरेड के बाद यह उनकी तीसरी फिल्म है. राहुल सांकृत्यायन निर्देशक हैं और मैथरी मूवी मेकर्स निर्माता हैं. रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के रिलेशनशिप में होने की अफवाहें सबसे पहले तब शुरू हुईं जब दोनों ने गीता गोविंदम (2018) में साथ काम किया. डियर कॉमरेड (2019) के लिए फिर से साथ आने के उनके फैसले ने उनकी डेटिंग की अटकलों को और हवा दे दी. पिछले कुछ सालों में, दोनों को अक्सर छुट्टियों पर एक साथ देखा गया है. इसके बावजूद, रश्मिका और विजय ने हमेशा कहा है कि वे अच्छे दोस्त हैं और इस बात को मानने से इनकार किया कि वे रिलेशनशिप में हैं कि नहीं.

# रिवीलिंग आउटफिट पहन भूमि पेडनेकर ने इंटरनेट पर बरपाया कहर, एक्ट्रेस ने कातिल अदाओं से फैंस के उड़ाए होश



बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। बी-टाउन की ग्लैमरस हसीना भूमि पेडनेकर हमएशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो फैंस के बीच छा जाती है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहनकर फोटोशूट करवाया है। इन फोटोज में उनका किलर अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। भूमि पेडनेकर जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने सिल्वर कलर का चमकता हुआ रिवीलिंग गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो कैमरे के सामने एक से बढक़र एक अंदाज में पोज देते हुए नजर आ रही हैं। खुले बाल, कानों में पर्ल इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। साथ ही उन्होंने अपनी हॉटनेस ने फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। भूमि पेडनेकर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस की फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है। ये ही नहीं उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।